संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

दुमका और जमशेदपुर से एक साथ प्रकाशित

संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

06 अक्टूबर 2026, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 09, अंक - 16

Email-santalexpress20@gmail.com

“ सच्चाई हमेशा सरल होती है, लेकिन मनुष्य इसे जटिल बना देता है।

चुनाव आयोग ने कानून तोड़ा होगा तो रोक देंगे फैसले : सुप्रीम कोर्ट

सीईसी ज्ञानेश कुमार को सस्पेंड करने से इनकार

एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने का अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। उन पर एसआईआर से जुड़े करीब 14 फैसले दो अन्य चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लेने का आरोप है। सुप्रीम कोर्ट ने इन आरोपों पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अगर फैसले बिना सहमति के लिए पाए गए, तो उन्हें वापस लिया जा सकता है। सीजेपी सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने याचिका पर केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, सीईसी ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी, डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर मनीष गर्ग

और डीजी (आई) सीमा खन्ना को नोटिस जारी किया।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि 10 दिन में कुछ ऐसा नहीं हो जाएगा। अगर कुछ गलत हुआ है तो हम हमेशा उसे रद्द कर सकते हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस याचिका का आधार जो न्यूज रिपोर्ट है, वह 100 प्रतिशत सही, आंशिक रूप से सही या गलत भी हो सकती है। हम सिर्फ उसके आधार पर कोई आदेश नहीं दे सकते हैं।

तीन याचिकाओं पर तीन जजों की बेंच कर रही सुनवाई

इस मामले की सुनवाई सीजेआई, जस्टिस जॉयमाला बागची और जस्टिस वी. नागा मोहना की तीन सदस्यीय बेंच कर रही है। बेंच तीन अलग-अलग याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर रही है। ये याचिकाएं शैलेंद्र मणि त्रिपाठी, राकेश कुमार सिंह और सुधाकर सिंह की ओर से दायर की गई हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील विकास सिंह ने दलील देना शुरू किया। उन्होंने कहा कि वास्तविक एक्ट में कहा गया है कि चुनाव आयोग बहुमत से फैसले लेगा या फिर सर्वसम्मति से फैसला लेगा। अकेले कोई भी निर्णय नहीं लिया जा सकता है।

फॉर्म 6 में किए गए किसी भी बदलाव को मंजूरी नहीं दी

फॉर्म 6 में किए गए 'गैरकानूनी' बदलावों को लेकर दलील पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने फॉर्म 6 में किए गए 'किसी भी' बदलाव को मंजूरी नहीं दी है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि चुनाव आयोग से रिपोर्ट मिलने के बाद न्यायालय यह देखेगा कि फॉर्म में बदलाव किसने किया था। पहली बार चुनाव आयोग के मतदाता पंजीकरण फॉर्म के ऑनलाइन संस्करण यानी फॉर्म 6 में एक नया हिस्सा जोड़ा गया था।

जीएसटी टैक्स चोरी पर नहीं होगी गिरफ्तारी, 7 अक्टूबर को होगा फैसला

एजेंसी

नई दिल्ली । व्यापारियों और कारोबारियों में बढ़ती दहशत और टैक्स अधिकारियों द्वारा अधिकार के गलत इस्तेमाल की शिकायतों के बाद सरकार जीएसटी लागू होने के करीब 9 साल बाद टैक्स सिस्टम में एक बड़ा बदलाव करने जा रही है। इसके तहत जीएसटी अधिकारियों को मिली गिरफ्तारी की शक्ति हटाने पर विचार किया जा रहा है। इस प्रस्ताव पर 7 अक्टूबर को होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में चर्चा होगी। अगर इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो टैक्स चोरी पर गिरफ्तारी नहीं होगी।

मौजूदा कानून के तहत गंभीर टैक्स अपराधों के मामलों में गिरफ्तारी का प्रावधान है. खासकर फर्जी बिल बनाना, गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट लेना

और जानबूझकर टैक्स चोरी जैसे मामलों में कार्रवाई हो सकती है। सीजीएसटी एक्ट की धारा 69 के तहत कमिश्नर को गिरफ्तारी की मंजूरी देने का अधिकार है।

इसके बाद सरकार ने 2022 में गिरफ्तारी और जमानत को लेकर अधिकारियों के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए थे। इनमें कहा गया था कि सिर्फ इसलिए गिरफ्तारी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि कानून में इसकी अनुमति है। गिरफ्तारी के लिए मामले की गंभीरता और व्यक्ति की भूमिका समेत दूसरे पहलुओं को देखना जरूरी है। लेकिन अधिकारियों द्वारा लगातार दबावपूर्ण कार्रवाई की जा रही है, जिसके कारण व्यापारियों और कारोबारियों में दहशत का माहौल बना हुआ है, जबकि सरकार की मंशा केवल फ्राड करने वाले लोगों पर कार्रवाई की है।

क्यों हो रहा है बदलाव पर विचार

इस बदलाव के पीछे सबसे बड़ी वजह टैक्स अधिकारियों के अधिकारों के गलत इस्तेमाल की शिकायतें बताई जा रही हैं। कारोबारियों और कंपनियों की तरफ से जीएसटी जांच और गिरफ्तारी को लेकर चिंताएं जताई जाती रही हैं।

अब सरकार सिस्टम में ऐसा बदलाव चाहती है, जिससे गंभीर धोखाधड़ी पर कार्रवाई भी बनी रहे और कारोबारियों को डर का सामना भी न करना पड़े।

4 साल में हुईं 887 गिरफ्तारियां

आंकड़ों से पता चलता है कि जीएसटी कानून के तहत गिरफ्तारी का इस्तेमाल हुआ है। 2021 से 25 के बीच 72,393 जीएसटी अपराध के मामले दर्ज हुए और केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों ने 887 लोगों को गिरफ्तार किया है।

संक्षिप्त खबरें

झारखंड में छह से नौ अक्टूबर तक आंधी-बारिश की संभावना

रांची । झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के उत्तर-पूर्वी, मध्यवर्ती और उत्तर-पश्चिमी जिलों में सोमवार दोपहर बाद मौसम में बदलाव देखने को मिला। कई इलाकों में बादल छाए रहे, जबकि रांची के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, बाद में मौसम साफ हो गया और धूप खिल गई। मौसम विभाग के अनुसार, छह से आठ अक्टूबर तक राज्य के कई जिलों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। नौ अक्टूबर को गढ़वा, पलामू, लातेहार और चतरा को छोड़कर राज्य के शेष हिस्सों में भी गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

जेएसएससी सीजीएल गड़बड़ी अभय तिवारी समेत दो आरोपी की जमानत खारिज

रांची । जेएसएससी-सीजीएल गड़बड़ी मामले में अपर न्यायिकयोगेश कुमार की कोर्ट से अभय तिवारी समेत 2 आरोपी को कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने अभय तिवारी और समीर कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी।अभय तिवारी ने 28 अगस्त को याचिका दाखिल कर कोर्ट से जमानत की गुहार लगायी थी। वह 14वीं जेपीएससी फर्जीवाड़ा मामले में भी आरोपी है। 22 जुलाई को सीआईडी ने अभय तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जेएसएससी-सीजीएल गड़बड़ी मामले में अब तक 37 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

गुंडों के मन में डर पैदा करे पुलिस : सुप्रीम कोर्ट

रेप की 3 घटनाओं पर की सुनवाई

एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में नाबालिगों से गैंगरेप की 3 घटनाओं पर कहा कि जब तक अपराधी के मन में मौत का डर नहीं होगा, तब तक ऐसे अपराध नहीं रुकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा कि केवल चीजों को कागज पर लिखना पर्याप्त नहीं है, सख्त कार्रवाई करनी होगी। जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सख्त होने से हिचकिचाएं नहीं।

बेंच ने कहा कि कुछ लोग अनुच्छेद 21 यानी मानव अधिकार का हवाला देकर सवाल उठाएंगे, लेकिन पुलिस को अपना कर्तव्य निभाना होगा। इसके बाद दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय से 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में 4 अगस्त से 21 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा-दिल्ली बस, आस्था कुंज पार्क और स्वरूप नगर में रेप की 3 घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लिया था। इस मामले में पहली सुनवाई 28 सितंबर को हुई थी।

दिल्ली-एनसीआर में 48 दिनों में रेप की 3 घटनाएं घटित हुई हैं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। 4 अगस्त को दिल्ली में 16 साल की नाबालिग से चलती बस में गैंगरेप। पीड़ित ग्रेटर नोएडा के परी चौक से बस में बैठी। आरोपियों ने उसे कश्मीरी गेट पर छोड़ा। इस दौरान बस करीब 47 किमी दौड़ती रही। बस के शीशों पर पर्दे लगे थे। 12 सितंबर को स्वरूप नगर में 16 साल की नाबालिग से गैंगरेप-हत्या। अगले दिन खेत के पास खुले मैदान में शव मिला। चार आरोपी गिरफ्तार हुए, जिनमें तीन नाबालिग हैं। 21 सितंबर को दिल्ली के कालकाजी मंदिर के पास आस्था कुंज पार्क में 17 साल की नाबालिग अपने दोस्त के साथ बैठी थी। तीन युवकों ने फर्जी पुलिस वाले बनकर छात्रा से रेप किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

भारत ने स्विट्जरलैंड में निर्यात व निवेश को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत ने स्विट्जरलैंड में अपने निर्यात के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने और दोनों देशों के बीच निवेश को सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। इससे भारत के कृषि, दवा, कपड़ा एवं इंजीनियरिंग उत्पादों के स्विट्जरलैंड में निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, जैव प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान, बैंकिंग, बीमा, खाद्य प्रसंस्करण और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में स्विस निवेश आकर्षित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी और स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन के बीच आज

दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और स्विट्जरलैंड की दोस्ती पुरानी है और आज नवाचार, बुनियादी ढांचा तथा उन्नत प्रौद्योगिकी दोनों देशों की साझेदारी के मजबूत स्तंभ बनकर उभरे हैं। दोनों देशों ने सैन्य आदान-प्रदान तथा रक्षा उत्पादन एवं सहयोग की नई संभावनाओं की पहचान की है और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने पर भी सहमति बनी है।

इंडिगो ने बढ़ाया फ्यूल चार्ज, आज से सफर महंगा

घरेलू उड़ानों पर 1300 और इंटरनेशनल पर 10,000 तक ज्यादा देने होंगे

एजेंसी

नई दिल्ली । देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की फ्लाइट्स मंगलवार से महंगी हो जाएंगी। एयरलाइन ने घरेलू उड़ानों में 1300 तक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में 10,000 रूपए तक एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज लगाने का ऐलान किया है। नई कीमतें 6 अक्टूबर रात 12:01 बजे से लागू हो गई हैं। इंडिगो ने इस साल तीसरी बार घरेलू और इंटरनेशनल उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का फैसला लिया है। इससे पहले एयरलाइन ने 14 मार्च और फिर 1 अप्रैल को किराया बढ़ाया था।

एयरलाइन के मुताबिक, यह फैसला एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी जेट फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण लिया गया है। इंटरनेशनल

एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अनुसार, पिछले 10 साल में फ्यूल की कीमतें अपने सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गई हैं।

जेट फ्यूल की कीमतें बढने के चलते दुनियाभर की एयरलाइंस ने न सिर्फ टिकट के दाम बढ़ा दिए हैं, बल्कि अपने भविष्य के वित्तीय अनुमानों यानी फाइनेंशियल आउटलुक को भी वापस लिया है। एयरलाइंस के लिए जेट-फ्यूल सबसे बड़ा खर्च होता है।

दुमका में 25 लाख के जेवर की चोरी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । शहर के सराय रोड इलाके में बीती रात चोरों ने पुलिस की गश्ती और सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। सबसे हैरानी की बात यह रही कि घर के एक हिस्से में परिवार के लोग गहरी नींद में सोते रहे और ठीक बगल वाले कमरे से चोरों ने करीब 25 लाख रुपये के पुश्तैनी जेवरातों पर बड़ी आसानी से हाथ साफ कर दिया।

यह पूरी घटना शहर के जाने-माने स्टेशनरी व्यवसायी अशोक मोदी के घर घटी है। जानकारी के मुताबिक, अशोक मोदी इन दिनों अपने छोटे बेटे के पास कोलकाता गए हुए हैं। घर में उनका बड़ा बेटा, बहू और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। व्यवसायी के कोलकाता में होने की वजह से उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। शातिर चोरों ने इसी बात का फायदा उठाया। उन्होंने बहुत ही खामोशी से कमरे की खिड़की का ग्रिल उखाड़ा और अंदर दाखिल हो गए।

कमरे में घुसने के बाद चोरों ने वहां रखी तीन स्टील की अलमारियों को कटर या किसी अन्य औजार से काट दिया। इसके बाद लॉकर में रखे सारे पुश्तैनी सोने और चांदी के जेवर समेट कर उसी खिड़की के रास्ते रफूचक्कर हो गए। चोरों ने इस पूरी वारदात को इतनी सफाई से अंजाम दिया कि बगल के कमरों में सो रहे परिवार के किसी भी सदस्य को खटपट की जरा भी

आवाज नहीं सुनाई दी।

चोरी का यह खौफनाक मंजर अगली सुबह तब सामने आया, जब बड़े बेटे ने सोकर उठने के बाद अपने पिता के कमरे को खोलना चाहा। दरवाजा अंदर से फंसा हुआ था। काफी मशक्कत और धक्का देने के बाद जैसे ही दरवाजा खुला, अंदर का नजारा देखकर पूरे परिवार के होश उड़ गए। सारा सामान अस्त-व्यस्त बिखरा पड़ा था और अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। घर की बहू मानसी मोदी ने बताया कि अलमारी में परिवार के बहुत पुराने और बेशकीमती गहने रखे हुए थे। अनुमान के मुताबिक चोर करीब 20 से 25 लाख रुपये के आभूषण ले गए हैं। सटीक नुकसान का पता पूरी तरह आकलन करने के बाद ही चल पाएगा।

एसआईआर का विरोध : 19 विपक्षी दल आज दिल्ली में चुनाव आयोग घेरेंगे

एजेंसी

नई दिल्ली । एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर चुनावी राजनीति अब सड़क पर उतरने जा रही है। विपक्षी इंडिया ब्लॉक के 19 दल मंगलवार को संसद से चुनाव आयोग मुख्यालय तक करीब 3 किलोमीटर का 'सेव डेमोक्रेसी मार्च' निकालेंगे। विपक्ष का आरोप है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है और बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से बाहर होने की आशंका है।

मार्च में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, एनसीपी(एसपी), शिवसेना (यूबीटी), राजद, सीपीएम, सीपीआई, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, जेएमएम, सीपीआई-एमएल, आईयूएमएल, केसी(एम), एमडीएमके, वीसीके, आरएसपी, एआईएफबी और केसी(जे) सहित 19 दल शामिल होंगे। इन दलों के पास लोकसभा में कुल 178 और राज्यसभा में 62 सांसद हैं। इस लिहाज से मार्च सिर्फ प्रतीकात्मक प्रदर्शन नहीं, बल्कि विपक्ष की संख्या और एकजुटता दिखाने की कोशिश भी माना जा रहा है। संसद के भीतर चुनाव प्रक्रिया पर उठाए जा रहे सवालों को विपक्ष अब सड़क के जरिए जनता तक ले जाने की तैयारी में है। 30 सितंबर को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में हुई विपक्षी दलों की करीब तीन घंटे की बैठक में इस मार्च का फैसला हुआ था। बैठक में चुनाव आयोग और चुनाव प्रक्रिया को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए गए। विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग के साथ-साथ वोटर लिस्ट में नाम हटाने की प्रक्रिया सार्वजनिक करने और प्रभावित मतदाताओं को नोटिस व अपील का अधिकार देने की मांग की है। विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाई है।

विद्यार्थी तकनीक को शक्ति और विवेक को मार्गदर्शक बनाएं : राज्यपाल

रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 207 विद्यार्थियों को मिली उपाधि

संवाददाता

रांची । झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित हुआ। समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान 207 सफल विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई, जबकि विभिन्न संकायों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले पांच मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।

समारोह में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विशिष्ट अतिथि तथा उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान के निदेशक एवं सेवानिवृत्त आईपीएस जीके गोस्वामी सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति राहुल पुरवार,

रजिस्ट्रार डॉ. हेमेंद्र कुमार भगत सहित शिक्षक, अधिकारी, विद्यार्थी और उनके अभिभावक भी समारोह में उपस्थित रहे।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह केवल शैक्षणिक यात्रा का पड़ाव नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा की नई जिम्मेदारी की शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीक को अपनी शक्ति और विवेक को अपना मार्गदर्शक बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के क्षेत्र में तकनीक का इस्तेमाल कानून, मानव गरिमा, नागरिक अधिकार और निजता का सम्मान करते हुए होना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि आज सुरक्षा व्यवस्था के सामने साइबर अपराध, डिजिटल धोखाधड़ी, डेटा सुरक्षा, वित्तीय अपराध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग, डीपफेक, वॉयस क्लोनिंग, भ्रामक सूचनाओं और साइबर हमलों जैसी नई चुनौतियां हैं। इनसे निपटने के लिए युवाओं को तकनीकी ज्ञान के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विश्लेषण क्षमता और निरंतर सीखने की आदत विकसित करनी होगी।

रांची टी-20 मैच पर मंडराया बारिश का साया, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

टिकटों के लिए उमड़ी भीड़, रात दो बजे से कतार में लगे प्रशंसक

संवाददाता

रांची । क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक चिंताजनक खबर है। रांची में होने वाले बहुप्रतीक्षित भारत-वेस्ट इंडीज के बीच दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले पर बारिश का खतरा मंडराने लगा है। मौसम विभाग ने मैच के दौरान शहर में बारिश होने की आशंका जताई है। इसे लेकर चेतावनी भी जारी की गई है, जिससे इस रोमांचक मुकाबले में खलल पड़ने की संभावना काफी बढ़ गई है।मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के अनुसार, मैच वाले दिन 9 अक्टूबर को रांची और इसके आसपास के इलाकों में आसमान में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान रुक-रुक कर हल्की से

मध्यम बारिश होने की प्रबल संभावना है।मौसम के अचानक बिगड़ने की इस चेतावनी के बाद मैच के आयोजकों और क्रिकेट फैंस की चिंताएं काफी बढ़ गई हैं।बारिश की आशंका को देखते हुए जेएससीए स्टेडियम प्रबंधन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पूरे ग्राउंड स्टाफ को विशेष रूप से अलर्ट पर रखा गया है।बारिश होने की स्थिति में पिच और आउटफील्ड को पानी से बचाने के लिए पर्याप्त कवर्स की व्यवस्था कर ली गई है। इसके साथ ही मैदान को जल्दी सुखाने के लिए सुपर सॉपर मशीनों को भी पूरी तरह से तैयार रखा गया है।

हालांकि, मौसम विभाग की इस चेतावनी ने फैंस को थोड़ा मायूस जरूर किया है।अब तमाम क्रिकेट प्रेमी यही उम्मीद कर रहे हैं कि मैच के दिन मौसम का मिजाज अचानक बदल जाए और उन्हें पूरे 20-20 ओवरों का बिना रुकावट वाला खेल देखने को मिले। टिकट लेने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक रात दो बजे से ही कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। सुबह होते-होते कतार और लंबी हो गई। पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं और छात्राएं भी घंटों लाइन में खड़ी रहीं। कई प्रशंसकों ने बताया कि वे सुबह पांच-छह बजे से टिकट के लिए कतार में लगे हैं।

मंत्री दीपिका पांडेय की बेटी के ब्रह्मभोज में पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, युविका को दी श्रद्धांजलि

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की दिवंगत बेटी युविका के ब्रह्मभोज में शामिल हुए।उन्होंने युविका को श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदना जताई।इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिवंगत युविका की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने दीपिका पांडेय सिंह, रत्नेश जी और पूरे परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल और शक्ति मिलने की कामना की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मरांग बुरु दिवंगत युविका बिटिया की आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दें। उन्होंने युविका को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

रजरप्पा मंदिर पुनरुद्धार : हाई कोर्ट ने पर्यटन सचिव से डीपीआर और फंडिंग पर मांगा शपथ पत्र

रांची । रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल रजरप्पा मंदिर के पुनरुद्धार से जुड़े मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। संजीव कुमार सिंह की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने पर्यटन विभाग के सचिव को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया कि मंदिर के पुनरुद्धार के लिए तैयार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है और प्रस्तावित योजना के लिए राशि किस मद से उपलब्ध कराई जाएगी।मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। अदालत के पूर्व आदेश के अनुपालन में रामगढ़ के उपायुक्त और पर्यटन विभाग के सचिव अदालत के समक्ष उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान अदालत ने पुनरुद्धार योजना की प्रगति और इसके लिए वित्तीय संसाधन की उपलब्धता को लेकर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा।

धनबाद में निर्यात बढ़ाने की नई रणनीति इंजीनियरिंग और कृषि उत्पादों पर जोर



धनबाद। धनबाद जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की समीक्षा बैठक सोमवार को समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सन्नी राज की अध्यक्षता में हुई। 'डिस्ट्रिक्ट्स एज एक्सपोर्ट हब्स' पहल के तहत आयोजित बैठक में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के निर्यात आंकड़ों की पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से तुलना करते हुए जिला निर्यात कार्य योजना की समीक्षा की गई।बैठक में धनबाद के निर्यात को पारंपरिक हार्ड कोकिंग कोल के दायरे से आगे बढ़ाकर नए उत्पादों और बाजारों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि हार्ड कोक के अलावा इंजीनियरिंग गुड्स, कास्टिंग, फर्नेस लाइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग उपकरणों के निर्यात को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।कृषि और बागवानी क्षेत्र में स्थानीय टमाटर एवं मौसमी उत्पादों को भी निर्यात बाजार से जोड़ने की योजना पर काम किया जा रहा है। बैठक में चिरकुंडा की पांच फैक्ट्रियों से नेपाल, भूटान, अफ्रीका, बांग्लादेश, कुवैत और ओमान सहित विभिन्न देशों में होने वाले निर्यात पर भी चर्चा हुई।बैठक में छोटे और नए निर्यातकों को जोखिम प्रबंधन, ऋण सुविधा, तकनीकी उन्नयन और बेहतर लॉजिस्टिक्स उपलब्ध कराने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही एमएसएमई इकाइयों को ओएनडीसी, अमेजन, डीएचएल और शिपरॉकेट जैसे प्लेटफॉर्म से जोड़ने पर भी मंथन हुआ।डीडीसी सन्नी राज ने संबंधित विभागों और संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्थानीय उत्पादों और उद्यमियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी पहल करने पर जोर दिया।

चार सामाजिक संकल्पों को लेकर छह अक्टूबर को जुटेंगे सनातन प्रेमी

रांची । श्री माहेश्वरी सभा रांची की अगुवाई में शहर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से छह अक्टूबर को समागम का आयोजन किया जाएगा। सेवा सदन पथ स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के हॉल में शाम पांच बजे होने वाले इस कार्यक्रम में चार सामाजिक संकल्पों को लेकर सनातन प्रेमी जुटेंगे।श्री माहेश्वरी सभा रांची के कार्यालय में सोमवार को आयोजित बैठक में समागम की तैयारियों और आयोजन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। सभा के रोहित शारदा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सभा के अध्यक्ष मुकेश काबरा के नेतृत्व में आयोजित समागम में गौ संरक्षण, भोजन की बर्बादी रोकने, नवरात्र में पुरानी परंपरा के अनुसार शस्त्र पूजन करने और मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प प्रमुख रहेगा।भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सह राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा और प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

ग्राम प्रधानों और उनके सहयोगियों को मानदेय न मिलने पर जताया आक्रोश

गोपीकांदर। प्रखंड विकास कार्यालय के सभागार में सोमवार को ग्राम प्रधान मांझी संगठन एवं लेखा होड़ की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रखंड अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मुर्मू ने की। बैठक के दौरान बीते महीने के कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी महीने की कार्य योजना की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से पिछले महीने की उपस्थिति विवरणी भी जमा ली गई।बैठक में मुख्य रूप से दो मुद्दों पर गहरा असंतोष देखा गया। पहला, मई 2026 से ग्राम प्रधानों और उनके सहयोगियों की सम्मान राशि का भुगतान लंबित रहने पर सभी ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। साथ ही, नए बहाल हुए ग्राम प्रधान के सहयोगियों को उनके कार्यों और जि मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।इस बैठक में मुख्य रूप से महावीर राय, श्रीजन हांसदा, कोबराज मुर्मू, रामेश्वर बसकी, प्रधान किस्कु, रोबेन हांसदा, सैमुएल बेसरा, शामिल हुए।

कालाजार से जंग: दुंदवा में ग्राम सभा का आयोजन

गोपीकांदर । प्रखंड के दुंदवा गांव में कालाजार उन्मूलन को लेकर एक महत्वपूर्ण ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का मु य उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना और ग्रामीणों को इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना था। सभा में ग्रामीणों को बालू मक्खी के नियंत्रण और कीटनाशी छिड़काव के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।बैठक में यह घोषणा की गई कि दुंदवा गांव में 6 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2026 तक विशेष कीटनाशी छिड़काव अभियान चलाया जाएगा। इस तीन दिवसीय अभियान को सफल बनाने के लिए दो विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो घर-घर जाकर सभी कमरों में कीटनाशी का छिड़काव सुनिश्चित करेंगी। इस पहल से गांव के कुल 184 परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा और उनका घर इस जानलेवा बीमारी से सुरक्षित हो सकेगा।प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जब छिड़काव दल उनके घर पहुंचे, तो वे पूरा सहयोग करें। इस जागरूकता बैठक में डब्ल्यूएचओ-ईएम बिक्की दत्ता, प्रखंड वीबीडी सुपरवाइजर प्रेमतोष बास्की, पीरामल ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजकुमार गुप्ता और जिला पीरामल प्रोग्रामिंग ऑफिसर संजय मंडल ने तकनीकी जानकारियां साझा कीं। इस मौके पर स्वास्थ्य सहिया फूल मुर्मू, निरोला मरांडी, सुशीला हांस्दा समेत भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

2029 में भाजपा को झारखंड फतह से कोई नहीं रोक सकता : गजेंद्र सिंह पटेल

संताल एक्सप्रेस

रांची । भाजपा के झारखंड प्रभारी गजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि सिर्फ कदम बढ़ाने की जरूरत है, 2029 में झारखंड फतह करने से हम सबों को कोई रोक नहीं सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि यह राज्य हमारे लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए यहां के कार्यकर्ताओं को जो दायित्व और जिम्मेवारी मिली है, उसका उन्हें ईमानदारी से निर्वहन करना है। भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सह प्रदेश प्रभारी गजेंद्र सिंह पटेल पार्टी कार्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह सह प्रदेश पदाधिकारी बैठक एवं सेवा संकल्प अभियान की प्रदेश स्तरीय बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। प्रदेश प्रभारी श्री पटेल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि जब हमने दृढ़ संकल्प लेकर पश्चिम बंगाल जीत लिया, दिल्ली पर फतह हासिल कर ली तो झारखंड में तो हम पहले कई बार सरकार बना चुके हैं फिर यह प्रदेश हम क्यों नहीं जीत सकते हैं ? हम सबों को मिलकर झारखंड को गढ़ना है और इसकी दशा एवं दिशा बदलनी है। 2029 में हर हाल में झारखंड फतह करना है, इसी संकल्प के साथ हमें काम करना है।प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश प्रभारियों ने अपने कामकाज की शुरुआत झारखंड के

वीर सपूत बिरसा मुंडा की जन्मस्थली में जाकर इस पवित्र मिट्टी को नमन कर की, इसकी जितनी तारीफ की जाए कम है।मौके पर संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि संगठन का काम कई प्रक्रिया के रूप में हमेशा चलती रहती है। यह संगठन विस्तार की एक प्रक्रिया है। उसी निमित अभी कई कार्यक्रम चल रहा है।कार्यक्रम में निवर्तमान संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष सार्वजनिक जीवन पूरे होने के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं।अभिनंदन समारोह में मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, झारखंड सह-प्रभारी सौरभ सिंह एवं निवेदिता सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, राष्ट्रीय मंत्री सह उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी प्रदीप वर्मा, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, रवींद्र राय, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, नीलकंठ सिंह मुंडा, बालमुकुंद सहाय, भानु प्रताप शाही, सुनील सोरेन, मुनेश्वर साहू, गीता कोड़ा, महामंत्री गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी, मनोज सिंह, प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा, शैलेंद्र सिंह, सरोज सिंह, सुनीता सिंह अमरदीप यादव, कृष्णा महतो, मनीर उरांव, शालिनी बैसिखियार, दीपक बंका, हेमन्त दास, सूरज चौरसिया, विकास प्रीतम, प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप, प्रमुख प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक भी जुड़े हुए थे।

भाजपा के प्रभारी गजेंद्र सिंह समेत पार्टी के तीन नेताओं का स्वागत

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड प्रदेश प्रभारी गजेंद्र सिंह पटेल, प्रदेश सह-प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष सौरभ सिंह तथा बिहार विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह के झारखंड आगमन पर सोमवार को रांची एयरपोर्ट पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद और बालमुकुंद सहाय, विधानसभा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा एवं अमर कुमार बाउरी, प्रदेश मंत्री शालिनी बैसिखियार और सरोज सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी और जितेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

झारखंड के अस्पतालों में अब आसानी से मिलेगी सस्ती दवा, 15 दिनों में जन औषधि केंद्र शुरू करने का निर्देश

संताल एक्सप्रेस

रांची। मरीजों को सस्ती और जरूरी दवाएं आसानी से उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा फैसला लिया है।राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों की प्रत्येक बिल्डिंग में जन औषधि केंद्र और अमृत फार्मेसी की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही सभी जिला अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी जन औषधि केंद्र खोलने को कहा गया है।स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की खरीद को लेकर बैठक हुई।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक में अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई।

बैठक में निर्देश दिया गया कि

जिन मेडिकल कॉलेजों में अभी जन औषधि केंद्र और अमृत फार्मेसी नहीं हैं, वहां 15 दिनों के अंदर जरूरी प्रक्रिया पूरी कर इन्हें शुरू किया जाए। रिम्स सहित सभी मेडिकल कॉलेजों की अलग-अलग बिल्डिंग में मरीजों की जरूरत के अनुसार ये सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा गया है।रिम्स के मुख्य अस्पताल के अलावा ट्रॉमा सेंटर, नेत्र संस्थान और दंत चिकित्सा संस्थान में भी जन औषधि केंद्र और अमृत फार्मेसी की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।इसके लिए मुख्य प्रवेश द्वार, निकास द्वार या रिसेप्शन के आसपास जगह को प्राथमिकता देने को कहा गया है। केंद्रों को बिजली और पानी की सुविधा भी निःशुल्क देने का निर्देश दिया गया है।अधिकारियों को जरूरी दवाओं की सूची तैयार कर पर्याप्त स्टॉक रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही दवाओं की उपलब्धता और वितरण की नियमित निगरानी करने को कहा गया।दवाओं की खरीद की कीमत को लेकर भी विभाग ने सख्ती दिखाई।अजय कुमार सिंह ने कहा कि दूसरे राज्यों की तुलना में झारखंड में दवाओं की कीमत अधिक नहीं होनी चाहिए। दवाओं की खरीद उचित और प्रतिस्पर्धी दर पर करने का निर्देश दिया गया।बैठक में विशेष सचिव डॉ. नेहा अरोड़ा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सिद्धार्थ सान्याल, रिम्स के डॉ. पी. भट्टाचार्य, संयुक्त सचिव ललित मोहन शुक्ला, ड्रग्स निदेशक रीतु सहाय सहित मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य और सिविल सर्जन मौजूद रहे।विभाग ने स्पष्ट किया कि सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों को जरूरी दवाएं समय पर, आसानी से और उचित कीमत पर उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

जनजातीय समाज की समस्याओं का समय पर और विधिसम्मत समाधान करना जरूरी : आशा लकड़ा

संताल एक्सप्रेस

रांची । राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग , की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने सोमवार को रांची जिले के बेड़ो प्रखंड कार्यालय में आयोजित प्रखंड स्तरीय जनजातीय संवाद कार्यक्रम में भाग लिया।इस दौरान डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि जनजातीय समाज की समस्याओं को केवल सुनना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका समय पर त्वरित और विधिसम्मत समाधान सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

भूमि और सीएनटी से जुड़े मामलों पर विशेष जोर

जनजातीय संवाद के दौरान जनजातीय भूमि से जुड़े मामलों, भूमि हस्तांतरण और भूमि विवादों सहित

सीएनटी एक्ट के प्रावधानों के अनुपालन से संबंधित विषय प्रमुखता से उठाए गए।

जनजातीय भूमि से संबंधित मामलों में कानून के प्रावधानों का पालन कराएं

डॉ लकड़ा ने संबंधित अधिकारियों से इन मामलों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि लंबित मामलों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ।

शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा

संवाद के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं, विद्यालयों में शिक्षकों की कमी, आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं सहित कई स्थानीय समस्याएं सामने आईं।डॉ आशा लकड़ा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिया। इस अवसर पर बेड़ो प्रखंड प्रमुख वीनिता कच्छप, सीओ राजकुवर सिंह, थाना प्रभारी सहित प्रशासनिक अधिकारी, चार पंचायतों के मुखिया शुसांति भगत, लक्ष्मी खोया, जतरू उरांव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

साहिबगंज में वृक्षारोपण कार्यक्रम

साहिबगंज । पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण के विस्तार एवं प्रकृति के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं गंगा मिशन,कोलकाता,साहेबगंज के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय परिसर में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार दास द्वारा पौधारोपण कर किया गया. इस अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय परिसर में नारियल, आँवला, कटहल, आम, अमरूद सहित विभिन्न फलदार एवं उपयोगी पौधों का रोपण किया गया. कार्यक्रम के माध्यम से कार्यालय परिसर को अधिक हरा-भरा, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के साथ-साथ आमजनों को भी वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित करने का संदेश दिया गया.संजय कुमार दास ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की शोभा नहीं, बल्कि हमारे जीवन, स्वास्थ्य और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार हैं.इस अवसर पर मीडिया कर्मी, गंगा मिशन,कोलकाता, साहेबगंज के सदस्य तथा जिला जनसंपर्क कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे.

श्रीधर में एक दिवसीय वार्षिक आमसभा आयोजित

संताल एक्सप्रेस उधवा। प्रखंड के श्रीधर पंचायत में सोमवार को गांधी संकुल स्तरीय संघ श्रीधर में एक दिवसीय वार्षिक आमसभा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य रूप से मुखिया, वार्ड सदस्य, संकुल समन्वयक एवं जन ग्रामीण परियोजना सहित संकुल स्तरीय संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे.बैठक के दौरान स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई. गांधी संकुल संघ श्रीधर के अंतर्गत कुल 310 स्वयं सहायता समूह संचालित हैं.बैठक में महिलाओं की आजीविका को बढ़ावा देने के लिए मुर्गी पालन,दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर तथा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के संबंध में जानकारी दी गई.कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों की सराहना करते हुए महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण में संकुल स्तरीय संघ एवं स्वयं सहायता समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला.बैठक का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों की समीक्षा, महिलाओं की आजीविका संवर्धन तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई

कांग्रेस के विरोध मार्च में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं के शामिल होने का निर्देश

धनबाद। हाउसिंग कॉलोनी स्थित कांग्रेस कार्यालय में सात अक्टूबर को प्रस्तावित विरोध मार्च को लेकर सोमवार को बैठक आयोजित की गई।बैठक में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, अंचल कार्यकर्ताओं और मंडल प्रभारियों ने हिस्सा लिया। बैठक का उद्देश्य सात अक्टूबर को होने वाले विरोध प्रदर्शन में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना था।बैठक के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया महागठबंधन की ओर से सात अक्टूबर को लोकतंत्र की रक्षा और कथित वोट चोरी के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भाजपा के सहयोग का आरोप लगाते हुए कांग्रेस और महागठबंधन के घटक दल एसआईआर के माध्यम से लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के मुद्दे को लेकर विरोध दर्ज कराएंगे।संतोष सिंह ने कहा कि कांग्रेस, भाकपा माले, राजद, झामुमो सहित इंडिया महागठबंधन के सभी घटक दल एकजुट होकर विरोध मार्च में शामिल होंगेऔर लोकतंत्र की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करेंगे।

जेसीआई एक्सपो रविवार की शाम,मेले की सफलता के नाम

रांची । युवा सामाजिक एवं व्यापारिक संगठन जेसीआई के बहुप्रतीक्षित और भव्य आयोजन एक्सपो उत्सव 2026 की शुरूआत हो गई है । यह मेला दिनांक 7 अक्टूबर तक चलेगा । इस वर्ष इस बहुप्रतीक्षित व्यापार मेले की 29वीं वर्षगांठ मना रही है । इस मेले में देश विदेश के कई स्टॉल लगते है ।संस्था के सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने हेतु बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, अध्यक्ष जेसी अभिषेक जैन, सचिव जेसी साकेत अग्रवाल, को-ऑर्डिनेटर्स- जेसी सौरभ जालान, जेसी राहुल टिबरेवाल, जेसी सौरव नारेड़ी, जेसी सीए दीपक पटेल (एक्सपो ट्रेजरर) जेसी ऋषभ जालान (डायरेक्टर बिजनेस), जेसी अनिमेश निखिल , जेसीरेट तृष्णा अग्रवाल (चेयरमैन, एक्सपो, लेडीज विंग), लेडीज विंग की अध्यक्ष जेसीरेट खुशबु सिंघानिया एवं सचिव जेसीरेट नलिनी जैन शामिल थे । यह जानकारी एक्सपो के मिडिया प्रभारी जेसी वरुण जालान द्वारा साझा की गई ।

झारखंड में क्लिनिकल संस्थानों के नियम बदलने की तैयारी, पांच सदस्यीय समिति गठित

रांची। झारखंड में क्लिनिकल संस्थानों के पंजीकरण और नियमन की व्यवस्था में बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है।स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने इसके लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है।इस संबंध में विभाग ने 1 अक्टूबर 2026 को आदेश जारी किया है।समिति की अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग की विशेष सचिव डॉ. नेहा अरोड़ा करेंगी।समिति में अपर सचिव शशि प्रकाश सिंह, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सिद्धार्थ सान्याल, संयुक्त सचिव अनुज कुमार प्रसाद और केपीएमजी के एक प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। अनुज कुमार प्रसाद को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। केपीएमजी के प्रतिनिधि को विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है।2013 और राज्य क्लिनिकल संस्थान परिषद की अधिसूचना में जरूरी बदलाव को लेकर प्रस्ताव और प्रारूप तैयार करना है।

कैंब्रिज बीएड कॉलेज में ओरिएंटशन कार्यक्रम

संताल एक्सप्रेस रांची । कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ़ टीचर्स एजुकेशन, अनगड़ा में सोमवार को बीएड सत्र 2026-28 में नवनामांकित प्रशिक्षुओं के लिए ओरिएंटशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ. सरस्वती वंदना व मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई. इसके बाद कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए. इस दौरान संस्थान के प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार ने प्रशिक्षु विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए संस्थान के नियम, अनुशासन, परीक्षा प्रणाली व प्रशिक्षण आदि के बारे में बताया. कार्यक्रम के दौरान संस्थान के कोर्डिनेटर संजीव तिवारी, डॉ सत्येश कुमार सिंह, विकास कुमार विक्की आदि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे.

एसवीयू में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता

रांची । सरला बिरला पब्लिक स्कूल राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में प्रथमसुरों की मधुर संगति, सामूहिक प्रयास और देशभक्ति की भावना के अद्भुत समन्वय ने सरला बिरला पब्लिक स्कूल, राँची को गौरवान्वित किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।विद्यालय की आठ सदस्यीय टीम में सातवीं कक्षा के श्रीयांश मिश्रा, आठवीं कक्षा के निखिल देवघरिया, नौवीं कक्षा की अन्वेषा आर्या, दसवीं कक्षा की राजश्री वर्मा, वारिधि उदय और औरकोप्रभो घोष, ग्यारहवीं कक्षा की संस्कृति शाश्वत तथा बारहवीं कक्षा के आयुष बरुआ शामिल थे।

हाजीपुर में स्वच्छता शपथ और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

हाजीपुर । पूर्व मध्य रेल में 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किए जा रहे 'स्वच्छता पखवाड़ा-2026' के क्रम में आज 05 अक्टूबर, 2026 को मुख्यालय हाजीपुर में स्वच्छता शपथ एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।'स्वच्छ रेल-स्वच्छ परिसर-स्वच्छ पर्यावरण' के उद्देश्य से महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा अधिकारियों के साथ मुख्यालय हाजीपुर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने हरित एवं स्वच्छ रेल परिसर के निर्माण तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल दिया ।इसके पूर्व अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार द्वारा मुख्यालय हाजीपुर के प्रांगण में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

ओबीसी आरक्षण की मांग,मंगलवार को पांच जिलों में बंदी व चक्का जाम

गुमला। ओबीसी आरक्षण व अधिकारों की मांग को लेकर केंद्रीय पिछड़ी जाति संघर्ष समिति के आह्वान पर सोमवार को मशाल जुलूस निकाला गया। छह अक्तूबर को दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची और लोहरदगा में बंद व चक्का जाम का आह्वान किया गया है। समिति के अनुसार, आंदोलन के दौरान नौकरी में आरक्षण, राजनीतिक भागीदारी, पेसा कानून में अधिकार और जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम की मांग प्रमुख है। समिति ने बंद को शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीके से सफल बनाने की अपील की है। आंदोलनकारियों का कहना है कि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर आंदोलन को आगे और तेज किया जाएगा।

बंद क्वार्टर के पूजा घर से मिले नरकंकाल ने खड़े किए कई सवाल

चित्तरंजन। रेलनगरी के स्ट्रीट नंबर-11 स्थित क्वार्टर संख्या 11बी के पूजा घर से 28 सितंबर को बरामद नरकंकाल की पहचान और मौत की वजह अब तक रहस्य बनी हुई है। घटना के एक सप्ताह बाद भी पुलिस किसी निर्णायक नतीजे पर नहीं पहुंची है। जांच एजेंसियां फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार कर रही हैं, जिसके आधार पर मृतक की पहचान और मौत की परिस्थितियों को लेकर तस्वीर साफ होने की उम्मीद है।नरकंकाल मिलने के बाद से ही इलाके में कई सवाल चर्चा का विषय बने हुए हैं। आबादी वाले हिल कॉलोनी क्षेत्र में स्थित क्वार्टर के अंदर लंबे समय तक किसी शव के पड़े रहने की जानकारी आखिर क्यों नहीं मिली, यह सवाल लोगों को परेशान कर रहा है। इसके अलावा पूर्व में सामने आई गुमशुदगी की सूचना के बावजूद संबंधित क्वार्टर की तलाशी हुई थी या नहीं, इसे लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।भाजपा चित्तरंजन के वरिष्ठ नेता शंकर तिवारी ने मामले की जांच को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के लापता होने की जानकारी पुलिस को मिलने के बाद उसके संभावित ठिकानों की जांच जरूरी थी। उन्होंने सनहा दर्ज होने के बाद पुलिस की कार्रवाई की भी समीक्षा करने की मांग की।तिवारी ने रेलवे से जुड़े आश्रित लाभ और नौकरी से संबंधित पहलुओं की भी जांच की मांग करते हुए कहा कि निष्पक्ष और विस्तृत जांच से ही इस रहस्यमयी मामले की पूरी सच्चाई सामने आ सकेगी।

गोड्डा के शिक्षक रीतेश रंजन को भागलपुर में मिला शिक्षक सम्मान

हनवारा प्रतिनिधि । विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर सोमवार को बिहार के भागलपुर में आयोजित महात्मा गांधी आगमन शताब्दी समारोह में झारखंड के गोड्डा जिले के शिक्षक रीतेश रंजन को उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान एवं समर्पण के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सनातन धर्म रक्षिणी सभा भवन, कर्णगढ़, नाथनगर, भागलपुर में हुआ। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। आयोजकों के अनुसार, दानवीर कर्ण की धरती भागलपुर में आयोजित इस समारोह में झारखंड के गोड्डा से शिक्षक रीतेश रंजन का सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे शिक्षकों के लिए विशेष उत्साह का विषय है। पड़ोसी राज्य में एक शिक्षक के रूप में सम्मानित होना उनके लिए व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ गोड्डा जिले के लिए भी गौरव का अवसर है।रीतेश रंजन ने सम्मान के लिए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक का सम्मान वास्तव में शिक्षा, संस्कार और समाज निर्माण के कार्य का सम्मान है। उन्होंने कहा कि इस तरह का सम्मान शिक्षकों को अपने दायित्वों के प्रति और अधिक प्रतिबद्धता एवं ऊर्जा के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का आयोजन युग चेतना फाउंडेशन, अंग जन गण तथा दानवीर कर्ण वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

सड़क दुर्घटना में जैप जवान घायल

मेहरमा। बलबड्डा थाना क्षेत्र के डोय-अमौर मार्ग स्थित कोदरा बहियार के पास सोमवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में जैप में कार्यरत एक जवान घायल हो गए। दुर्घटना के बाद उसी रास्ते से गुजर रहे समाजसेवी निरंजन यादव ने तत्परता दिखाते हुए घायल जवान को अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मेहरमा पहुंचाया।घायल जवान की पहचान अनिल रजक (लगभग 40 वर्ष), पिता पैरु रजक, ग्राम डोय, थाना मेहरमा, जिला गोड्डा के रूप में हुई है। बताया गया कि अनिल रजक वर्तमान में देवघर में कार्यरत हैं। सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उन्हें तत्काल सीएचसी मेहरमा लाया गया।

दुर्गापूजा से पहले जामताड़ा पुलिस अलर्ट

जामताड़ा। दुर्गापूजा के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी शम्भु कुमार सिंह की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी हुई, जिसमें जिले के थाना प्रभारियों, पुलिस निरीक्षकों और एसडीपीओ/डीएसपी ने हिस्सा लिया। बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई।पुलिस के अनुसार सितंबर में 226 वारंटों का निष्पादन किया गया, जबकि विभिन्न मामलों में वांछित 34 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। एसपी ने फरार अपराधियों की गिरफ्तारी और लंबित वारंटों के शीघ्र निष्पादन के लिए अभियान चलाने को कहा।साइबर अपराधियों तथा जेल से छूटे संदिग्धों की गतिविधियों पर निगरानी रखने का निर्देश भी दिया गया। पूजा को लेकर संवेदनशील स्थलों की पहचान, विसर्जन मार्ग का सत्यापन और पूजा समितियों के साथ बैठक करने को कहा गया।बैंक, एटीएम और आभूषण दुकानों के आसपास गश्ती बढ़ाने तथा एंटी क्राइम वाहन जांच नियमित करने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी पुलिस की नजर रहेगी।

चिरेका में पीओएच केंद्र बनाने का एनएफआईआर का प्रस्ताव

चित्तरंजन। चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स की वर्षों से बंद पड़ी स्टील फाउंड्री के पुनः उपयोग को लेकर नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन ने रेलवे बोर्ड के सामने अहम प्रस्ताव रखा है। फेडरेशन ने परिसर को इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के पीरियॉडिकल ओवरहॉलिंग, कंपोनेंट ओवरहॉल और तकनीकी उन्नयन केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग की है।एनएफआईआर महासचिव डॉ. एम. राघवैया ने 1 अक्टूबर 2026 को रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैक्शन एंड रोलिंग स्टॉक) को पत्र भेजकर इस दिशा में कार्रवाई का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि 1963 में स्थापित फाउंड्री में बोगी, बोल्स्टर, कपलर समेत कई अहम कलपुर्जे तैयार किए जाते थे और इसे आरडीएसओ की क्लास-ए मान्यता प्राप्त थी।फेडरेशन के अनुसार 16 मार्च 2024 के आदेश के बाद उत्पादन बंद होने के बावजूद परिसर में विशाल शेड, ओवरहेड क्रेन, ट्रैक, सड़क और बिजली-पानी जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। एनएफआईआर ने डीपीआर, तकनीकी-आर्थिक अध्ययन और विशेषज्ञों की संयुक्त टीम गठित कर चरणबद्ध तरीके से पीओएच सुविधाएं विकसित करने का सुझाव दिया है। इससे रेलवे की आंतरिक क्षमता बढ़ने और बाहरी निर्भरता घटने की उम्मीद है।

जामजोड़ी में भाजपा की दीप ज्योति यात्रा को लेकर जनसंपर्क

फतेहपुर (जामताड़ा)। भारतीय जनता पार्टी, जिला जामताड़ा की ओर से आगामी 7 अक्टूबर 2026 को आयोजित होने वाली दीप ज्योति यात्रा को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में भाजपा युवा नेता मनोज कुमार गोस्वामी ने जामजोड़ी पंचायत के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। जनसंपर्क के दौरान मनोज कुमार गोस्वामी ने बताया कि 7 अक्टूबर को जामताड़ा के गांधी मैदान में सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात गांधी मैदान से मां चंचला चौक तक दीप ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। गोस्वामी ने कहा कि दीप ज्योति यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं के उत्साह और समाज में सकारात्मक संदेश को आगे बढ़ाने का माध्यम है। जनसंपर्क अभियान के दौरान जामजोड़ी पंचायत समिति के सदस्य तपन कुमार मोची, अशोक कुमार मोची, काजल बावरी, वापी गोराई, नंदू बाउरी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने भी दीप ज्योति यात्रा को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क करने और अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम से जोड़ने की बात कही।

एसआईआर के खिलाफ 'वोट के अधिकार से खिलवाड़ नहीं होने देंगे': इरफान अंसारी

संताल एक्सप्रेस

जामताड़ा। शहरपुर में आयोजित जनसभा में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने एसआईआर, मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया को लेकर केंद्र सरकार एवं चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के माध्यम से मतदाताओं के अधिकार प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि ये आरोप मंत्री के राजनीतिक बयान के रूप में हैं। डॉ. अंसारी ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए और किसी भी पात्र नागरिक का नाम केवल दस्तावेजी जटिलताओं के कारण नहीं हटाया जाना चाहिए। उन्होंने झारखंड में चल रही एसआईआर प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग भी उठाई। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठ रही आशंकाओं का सार्वजनिक रूप से जवाब देने की मांग की। साथ ही उन्होंने महिलाओं और युवाओं के आंदोलनों के दौरान कथित पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन को लोकतांत्रिक अधिकार बताया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र और मताधिकार के मुद्दे पर जामताड़ा की आवाज दिल्ली तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने राहुल गांधी के 'दिल्ली चलो' आह्वान के समर्थन में हजारों लोगों के दिल्ली कूच का दावा किया। सभा में उन्होंने वोट बचाओ, संविधान बचाओ और लोकतंत्र बचाओ का नारा दिया ।

पथरगामा में मॉडल युवा ग्राम सभा आयोजित

पथरगामा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में सोमवार को मॉडल युवा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की क्षमता तथा ग्राम विकास के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।कार्यक्रम में बीपीओ, मुखिया, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं पीरामल फाउंडेशन की सक्रिय सहभागिता रही। मॉडल युवा ग्राम सभा के दौरान छात्राओं ने ग्राम सभा की कार्यप्रणाली को समझते हुए विभिन्न भूमिकाएं निभाईं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।इस दौरान छात्राओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सड़क, पेयजल, बाल विवाह समेत गांव की विभिन्न स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की और उनके समाधान को लेकर अपने विचार रखे। चर्चा और संवाद के माध्यम से छात्राओं ने सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया को भी करीब से समझा।कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए यह संदेश दिया कि युवा केवल भविष्य के नागरिक नहीं हैं, बल्कि वर्तमान समय में भी अपने गांव और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उपस्थित अतिथियों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक रहने और गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। मॉडल युवा ग्राम सभा के माध्यम से छात्राओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया गया।

पीएम श्री यूएचएस नयनानगर विद्यालय में मॉडल यूथ ग्राम सभा आयोजित

महागामा। प्रखंड स्थित पीएम श्री यूएचएस नयनानगर में सोमवार को मॉडल यूथ ग्राम सभा गतिविधि के तहत विद्यार्थियों द्वारा प्रभावशाली रोल प्ले एवं ग्राम सभा का मंचन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्राम सभा की कार्यप्रणाली, स्थानीय समस्याओं की पहचान, समाधान की प्रक्रिया तथा लोकतांत्रिक भागीदारी के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया, बीपीओ उमर अली खान एवं सीआरपी अब्दुल राशिद उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक फिरदौस अंजुम, नोडल शिक्षक मदन कुमार भगत, शिक्षकगण, वार्ड सदस्य, एसएमसी सदस्य एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, एसएमसी सदस्यों एवं समुदाय के लोगों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

रेलवे स्टेशन मंदिर में स्वच्छता अभियान

जामताड़ा। जामताड़ा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 की ओर से सोमवार को जामताड़ा रेलवे स्टेशन परिसर स्थित मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों से कचरा, प्लास्टिक व अन्य अपशिष्ट हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया।अभियान के दौरान स्थानीय लोगों और दुकानदारों को सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। लोगों से कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने तथा धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने की अपील की गई। इकाई-2 की कार्यक्रम पदाधिकारी सह दर्शनशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रीति कुमारी ने कहा कि स्वच्छता सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे अभियान विद्यार्थियों में सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करते हैं।मौके पर प्रतीक्षा हांसदा, सीमा किस्कू, यशोदा कुमारी, वरुण दत्त और सरस्वती सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

'लोकतंत्र बचाओ, वोट बचाओ' अभियान को लेकर इंडिया गठबंधन की बैठक

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। नाला प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को 'लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ' कार्यक्रम के तहत इंडिया गठबंधन की सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष समर माजी ने की। बैठक में 2 से 8 अक्टूबर तक चलने वाले 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' के तहत 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान को लेकर आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई।बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव सह नाला विधानसभा प्रभारी प्रभु मंडल तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया मौजूद थे। इसके अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा सहित इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।प्रदेश सचिव प्रभु मंडल ने कहा कि इंडिया गठबंधन की ओर से लोकतंत्र बचाओ कार्यक्रम के तहत पूरे देश में आंदोलन चलाया जा रहा है। कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया ने कहा कि देश में मोदी सरकार की कथित तानाशाही और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा मताधिकार से जुड़े मामलों में किए जा रहे कार्यों के विरोध में इंडिया गठबंधन ने आंदोलन का निर्णय लिया है।बैठक में झामुमो प्रखंड कोषाध्यक्ष भाव सिंधु लायेक, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष पंकज झा, झामुमो प्रखंड सह सचिव दयामय घोष, गया प्रसाद मिर्धा, बाजार समिति सचिव तपन राउत, युवा मोर्चा के राजू दास, डीसीसी जिला सचिव जितेंद्र नाथ मंडल, साधु चरण माजी, गुलशन अली, मिहिर मंडल, नारद घोष, विपद भुई सहित इंडिया गठबंधन के अन्य दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

असोता आंगनबाड़ी केंद्र में नल खराब, पानी के लिए बच्चे परेशान

हनवारा प्रतिनिधि । महगामा प्रखंड के लोगाय पंचायत अंतर्गत असोता गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में काफी दिनों से नल खराब पड़ा है। पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण केंद्र में आने वाले छोटे-छोटे बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को पानी के लिए दूर जाना पड़ता है। वहीं, केंद्र के ठीक बगल में नदी होने के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों की चिंता बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि छोटे बच्चे अगर पानी लेने के लिए नदी की ओर जाएंगे तो किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।ग्रामीण मोहम्मद सुलेमान, मुजाहिद आलम, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद शमशीर, अब्दुल कैयूम और मोहम्मद मुर्शिद का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र में ही पानी की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि बच्चों को पानी के लिए बाहर न जाना पड़े।अभिभावकों का कहना है कि वे अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजते हैं, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें हर समय बच्चों की सुरक्षा की चिंता रहती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि खराब पड़े नल को जल्द ठीक कराया जाए और केंद्र परिसर में ही पानी की स्थायी व्यवस्था की जाए।अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या पर जल्द संज्ञान लेकर आंगनबाड़ी केंद्र में पानी की व्यवस्था बहाल करेंगे।

गोड्डा में कांग्रेस कार्यालय में युविका सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

गोड्डा। जिला कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को दिवंगत युविका सिंह की आत्मा की शांति के लिए एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभी कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एकरारूल हसन ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि युविका सिंह जी का असामयिक निधन कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर सर्वजीत झा, सुशीला देवी, विनय कुमार झा, सत्यजीत सिंह बॉबी, परवीन तिवारी, मृत्युंजय झा, कार्यालय प्रभारी सोनी सिंह, गोविंद मंडल, विकास कुमार पासवान, तापस घोषाल, मो0 अकरम, जिला मीडिया चेयरमैन इफ्तेखार अंसारी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों संग भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया 'आंगन मिलन'

जामताड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत सोमवार को कायस्थपाड़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बच्चों के साथ समय बिताया और खाद्य सामग्री वितरित कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नगर अध्यक्ष प्रदीप राउत ने किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी गतिविधियों में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचकर सेवा भावना को मजबूत करना है। बच्चों के बीच समय बिताना सामाजिक जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है।मौके पर भाजपा नगर महामंत्री रथु दास, नगर मंत्री ब्रजेश राउत, विकास राउत तथा आंगनबाड़ी केंद्र की संचालिका सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान केंद्र का माहौल उत्साह और अपनत्व से भरा रहा।

एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना पर प्रशिक्षण

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के अंतर्गत प्रखंड सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई।इस दौरान किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से अवगत कराया गया।कार्यक्रम के दौरान कृषि क्षेत्र के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक फसल उत्पादन, उन्नत कृषि तकनीक, फसल प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, संतुलित उर्वरक उपयोग, गुणवत्तापूर्ण बीज का चयन, जल प्रबंधन तथा आत्मा एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में उपयोगी जानकारी दी गई।प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप कम लागत में अधिक उत्पादन, फसल की उत्पादकता एवं गुणवत्ता में वृद्धि तथा कृषि में आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूक करना था। प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान फसलों में दिखाई दे रहे कीट एवं व्याधि के लक्षणों की पहचान, उनके संभावित कारण तथा उनके समेकित कीट एवं रोग प्रबंधन के संबंध में किसानों को जानकारी दी गई। साथ ही फसल की वर्तमान अवस्था के अनुरूप पोषक तत्व प्रबंधन, सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण, कीट-रोग की निगरानी एवं आवश्यकतानुसार उचित कृषि रक्षा उपाय अपनाने के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया।इस परीक्षण में उपस्थित उपप्रियोजना निदेशक संजय कुमार सिंह, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी समीर बाध्यकर, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक नाला गंगाधर मंडल, किसान मित्र गिरिधारी ठाकुर, पवन कुमार, दीपक रूई दस, प्रदीप सचिनंदन पाल, अजय मंडल, मंडल,सदानंद गण,ओबीलाल मुर्मु,शेख आजिजुल,नदिया नंद मडल, गणेश चंद्र बाउरी, ठाकुर प्रसाद सिंह, निमाई चंद्र महतो, कृष्ण चंद्र सिंह, नरेश पातर,नदिया नंद घोष आदि किसान मित्र मौजूद थे।

ईवीएम सुरक्षा से एसआईआर और छात्रवृत्ति तक, डीसी ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

जामताड़ा। सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से निर्वाचन व्यवस्था से लेकर छात्रवृत्ति योजनाओं तक कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बैठक और निरीक्षण किए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आलोक कुमार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, अग्निशमन उपकरण, सुरक्षा बलों की तैनाती तथा प्रवेश-निकास व्यवस्था की जांच की गई। उपायुक्त ने निर्वाचन आयोग के सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इसके बाद एसआईआर 2026 को लेकर बैठक में दावों और आपत्तियों की सुनवाई तथा निष्पादन प्रक्रिया पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा हुई। उपायुक्त ने प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बताते हुए सभी दलों से सहयोग की अपील की।वहीं समाहरणालय सभागार में एसटी, एससी और ओबीसी विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। समिति ने प्री-मैट्रिक के 54,079 और पोस्ट-मैट्रिक के 7,270 आवेदनों को छात्रवृत्ति भुगतान की स्वीकृति दी। शेष पात्र विद्यार्थियों की प्रक्रिया जल्द पूरी करने का निर्देश दिया गया।मौके पर अनंत कुमार, सत्यप्रकाश, कयूम अंसारी, जुगनू मिंज, चार्ल्स हेंब्रम, विकेश कुणाल प्रजापति और संतोष कुमार घोष सहित संबंधित अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

एसआईआर- पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज और संशोधन की प्रक्रिया पूरी कराई जाए : डीसी

गोड्डा।एसआईआर-2026 के तहत जिले में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन तथा दावे-आपत्तियों से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी दी गई।बैठक में बताया गया कि 1 अक्टूबर 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके ऐसे पात्र भारतीय नागरिक, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उनका नाम जोड़ने के लिए 10 अक्टूबर 2026 (शनिवार) को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा।विशेष कैंप के दौरान संबंधित बीएलओ एवं बीएलओ-2 सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान केंद्रों पर मौजूद रहेंगे। इस दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र-6, नाम हटाने से संबंधित प्रपत्र-7 तथा संशोधन के लिए प्रपत्र-8 प्राप्त किए जाएंगे।इसके अलावा डिस्क्रेपेंसी मैपिंग सूची में शामिल उन मतदाताओं से संबंधित मामलों पर भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जिन्हें विभिन्न कारणों से नोटिस जारी किया गया है। बैठक में उपनिर्वाचन पदाधिकारी प्रशांत कुमार लायक, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

जीआरपी एसआई के घर से जेवरात समेत लाखों की चोरी

जामताड़ा। राजबाड़ी मोहल्ले में चोरों ने एक बंद मकान में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण समेत कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। मकान मालिक सुभाष मुर्मू धनबाद रेल जीआरपी में एसआई के पद पर कार्यरत हैं। चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।बताया गया कि सुभाष मुर्मू अपने भांजे के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए रविवार सुबह परिवार सहित गोड्डा जिले के राजाभीठा थाना क्षेत्र के धमनी गांव गए थे। इसी दौरान चोरों ने बंद घर को निशाना बनाया। स्टोर रूम का वेंटिलेटर तोड़कर चोर अंदर दाखिल हुए और अलमारी को क्षतिग्रस्त कर उसमें रखे सोने की एक अंगूठी, तीन टॉप्स, चांदी की सिकड़ी समेत अन्य सामान चुरा ले गए।सोमवार शाम परिवार के लौटने पर घटना का खुलासा हुआ। उर्मिला मुर्मू ने थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोरों की तलाश में जुटी है।

पंडित रणजीत झा फाउंडेशन ने दिया दिव्यांग क्रिकेट टीम को नया यूनिफॉर्म

गोड्डा। पण्डित रणजीत झा फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त झारखंड फिजिकली चैलेंज्ड क्रिकेट टीम का नया यूनिफॉर्म सोमवार को फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष सर्वजीत झा अन्तेवासी ने लॉन्च करते हुए इसे झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन फॉर फिजिकली चैलेंज्ड के महासचिव एवं टीम के कैप्टन मनीष कुमार सिंह को सौंपा। टीम 9 से 11 अक्टूबर तक वाराणसी में आयोजित होने जा रही नेशनल टी - 20 चैंपियनशिप सेवा संकल्प क्रिकेट ट्रॉफी में हिस्सा लेगी। शिक्षाविद एवं समाज सुधारक स्व. रणजीत बाबू की पुत्रवधु डॉ. नूतन झा एवं ज्योति झा, पौत्री नूपुर नंदिनी एवं टीम के ख्यातिनाम खिलाड़ी राजेंद्र प्रसाद मौजूद थे।

दस बजे दस मिनट अपने पूर्वज के नाम कार्यक्रम आयोजित

गोड्डा। प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के स्मृति एवं सम्मान में उनके परिजनों तथा स्वजनों द्वारा आयोजित देशव्यापी श्रद्धांजलि कार्यक्रम दस बजे दस मिनट अपने पूर्वज के नाम के तहत गोड्डा जिला मुख्यालय में भी उक्त कार्यक्रम का आयोजन होता रहा है। इसी कड़ी में रविवार को नियत समय पर स्थानीय शहीद स्मारक परिसर में अंग क्षेत्र के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद एवं समाज सुधारक स्व. पण्डित रणजीत झा के पुत्र सह लोक मंच सचिव सर्वजीत झा अन्तेवासी की अध्यक्षता तथा अखिल भारतीय शहीद एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (झारखंड) सह ग्राम जमनी पहाड़पुर के स्वतंत्रता सेनानी स्व. छेदी प्रसाद झा के पुत्र दिवाकांत वत्स के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल स्व. रणजीत बाबू के कनिष्ठ सुपुत्र एवं विभिन्न खेल संघ प्रमुख सुरजीत झा, ग्राम हिलाबै के स्वतंत्रता सेनानी नंदकिशोर मांझी के पुत्र ओमप्रकाश मांझी, ग्राम पक्सो के स्वतंत्रता सेनानी नीलकंठ ठाकुर जी के पौत्र गौरव वत्स, स्वतंत्रता सेनानी स्व. जलधर वैद्य के पुत्र आशुतोष वैद्य, बक्सरा के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी वंशज कुंदन मंडल, महेशपुर के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी स्व. रत्नेश्वर झा के पौत्र प्रियव्रत परमेश, ग्राम हिलाबै के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी स्व. नरसिंह वैद्य के पौत्र नरेंद्र कुमार एवं कुंदन झा ने बापू एवं लोक नायक जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के पश्चात देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं भारत माता के जोरदार जयकारे लगाए। कार्यक्रम का समापन परंपरानुसार राष्ट्रगान से हुआ।

करमाटांड़ के भाग-4 में दो साल पुरानी नाली जाम की समस्या का समाधान

करमाटांड़ । जिला परिषद चुनाव के संभावित प्रत्याशी केल्विन जॉन हेम्ब्रम लगातार क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में जुटे हैं। इसी क्रम में आज नेशनल एकेडमी से टेकवा तालाब तक लंबे समय से जाम पड़ी नाली की व्यापक साफ-सफाई का कार्य शुरू कराया गया।दो साल से थी जल निकासी की गंभीर समस्या स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले दो वर्षों से नाली में कचरा और गंदगी जमा होने के कारण गंदे पानी की निकासी पूरी तरह बाधित थी।

एशियन गेम्स में दुनिया ने देखा भारत की नारी शक्ति का दम

एशियन गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश को 85 पदक दिलाए और पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। भारत के खाते में 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदक आए। इस उपलब्धि की सबसे गौरवपूर्ण तस्वीर यह है कि महिला खिलाड़ियों ने 38 पदक अपने नाम किए, जो पुरुष खिलाड़ियों के बराबर हैं। इनमें 11 स्वर्ण पदक महिला खिलाड़ियों और महिला टीमों ने जीते। भारत की बेटियों का यह प्रदर्शन केवल खेल की उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह बदलते भारत और सशक्त होती नारी शक्ति की तस्वीर है। क्रिकेट में भारतीय महिला टीम ने स्वर्ण जीतकर देश का गौरव बढ़ाया, वहीं महिला कबड्डी और महिला हॉकी टीम ने भी स्वर्णिम सफलता हासिल की। महिला हॉकी टीम की स्वर्णिम वापसी विशेष रूप से ऐतिहासिक रही, जिसने 44 वर्ष बाद एशियन गेम्स का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। एशियन गेम्स में भारतीय बेटियों की सफलता महिला सशक्तिकरण की सबसे प्रभावशाली तस्वीर है। आज हमारी बेटियां केवल खेल के मैदान में पदक नहीं जीत रहीं, बल्कि वे देश की करोड़ों बेटियों के सपनों को भी नई दिशा दे रही हैं। उनकी सफलता यह विश्वास मजबूत करती है कि बेटी को अवसर, प्रोत्साहन और विश्वास दिया जाए तो वह किसी भी क्षेत्र में सर्वोच्च शिखर तक पहुंच सकती है। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी भारतीय बेटियों ने नए इतिहास रचे। कुमकुम मोहोड ने महिला व्यक्तिगत रिकर्व में भारत के लिए पहला एशियन गेम्स स्वर्ण पदक जीता। महिला रिकर्व टीम ने भी स्वर्ण अपने नाम किया। निशानेबाजी में नीरू धांडा ने स्वर्ण पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। मुक्केबाजी में लवलीना बोरगोहेन और परवीन हुड्डा ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि गोल्फ में प्रणवी उर्स ने भारत के लिए ऐतिहासिक स्वर्ण पदक हासिल किया। मीराबाई चानू ने भारोत्तोलन में रजत पदक जीतकर भारत के लिए इस खेल में लंबे अंतराल के बाद पदक दिलाया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में मध्यप्रदेश की बेटियों ने भी अपनी प्रतिभा और मेहनत का परचम लहराया। प्रदेश की क्रिकेटर क्रांति गौड़ भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा बनीं। छोटे से गांव से निकलकर एशियन गेम्स जैसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंचकर स्वर्ण पदक जीतना उनकी मेहनत और संघर्ष की प्रेरक कहानी है। निशानेबाजी में मध्यप्रदेश की नीरू ढांडा ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए महिला ट्रैप व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही उन्होंने ट्रैप मिक्स्ड टीम में भी स्वर्ण और महिला ट्रैप टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। इस तरह नीरू ने एशियन गेम्स में तीन पदक जीतकर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया। निशानेबाजी में ही मध्यप्रदेश की आशी चौकसे ने महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि मनीषा कीर ने महिला ट्रैप टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल कर देश का मान बढ़ाया। इसी तरह मध्यप्रदेश की अंतर्राष्ट्रीय सेलर हर्षिता तोमर ने 49दृह्न स्नङ्ग महिला स्किफ ईवेंट में कांस्य पदक हासिल किया है। भारतीय महिला हॉकी टीम की स्वर्णिम सफलता में भी मध्यप्रदेश की बेटियों की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। ईशिका चौधरी, बिच्छू देवी और सुशीला चानू भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा रहीं, जिसने एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया। एक बेटी की सफलता केवल उसकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं होती, बल्कि वह पूरे परिवार, समाज और देश की सोच को बदलने की ताकत रखती है। एशियन गेम्स में बेटियों की सफलता उन सभी परिवारों के लिए प्रेरणा है, जो अपनी बेटियों को खेल, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, प्रशासन, उद्यमिता और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ते देखना चाहते हैं।

अर्थव्यवस्था मजबूत, फिर शेयर बाजार क्यों गिर रहा है?

प्रहलाद सबनानी

भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर तेज बनी हुई है। उद्योगों की गतिविधियां बढ़ रही हैं। बैंकिंग व्यवस्था मजबूत हो रही है। निर्यात में विस्तार दिखाई दे रहा है और कर संग्रह लगातार ऊंचे स्तर पर पहुंच रहा है। इसके बावजूद शेयर बाजार में लगातार गिरावट ने कई सवाल खड़े किए हैं। सेंसेक्स 1 अक्टूबर 2025 के 80,983 अंक से घटकर 1 अक्टूबर 2026 को 71,910 अंक और निफ्टी 24,836 से गिरकर 22,422 अंक पर आ गया। यानी एक वर्ष में दोनों प्रमुख सूचकांक में लगभग 10 से 11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। क्या यह गिरावट भारतीय अर्थव्यवस्था की कमजोरी का संकेत है? उपलब्ध आर्थिक संकेतक इसका समर्थन करते दिखाई नहीं देते।

शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था के बीच संबंध अवश्य है, पर दोनों हमेशा एक दिशा में नहीं चलते। शेयर बाजार मुख्यतः सूचीबद्ध कंपनियों की भविष्य की आय, लाभप्रदता और निवेशकों की अपेक्षाओं के आधार पर मूल्य तय करता है। इसके साथ वैश्विक पूंजी का प्रवाह भी बाजार की दिशा प्रभावित करता है। मौजूदा गिरावट को समझने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशकों के व्यवहार, अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, कच्चे तेल की कीमतों, डॉलर की मजबूती और भारतीय शेयरों के अपेक्षाकृत ऊंचे मूल्यांकन को देखना होगा।

विदेशी पूंजी की बड़ी निकासी

वर्ष 2026 में अब तक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से लगभग 2.8 लाख करोड़ रुपये की निकासी की है। वैश्विक निवेशकों के लिए इस समय अमेरिका के बॉन्ड, अमेरिकी शेयर बाजार और कुछ उभरते बाजार अधिक आकर्षक दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में बॉन्ड यील्ड का ऊंचा स्तर सुरक्षित निवेश के साथ बेहतर रिटर्न का विकल्प प्रस्तुत करता है। अमेरिकी तकनीकी कंपनियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नवाचार से उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ने की उम्मीद भी वहां निवेश आकर्षित कर रही है। वियतनाम और दक्षिण कोरिया जैसे बाजारों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा तकनीकी क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों की संभावनाएं विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। चीन भी इस दौड़ में महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक कमजोर प्रदर्शन के कारण चीनी कंपनियों का कीमत-आय अनुपात भारतीय कंपनियों की तुलना में अधिक आकर्षक हो गया है। जहां चीन में औसत पीई अनुपात 12 के नीचे बताया जा रहा है, वहीं भारत में यह 20 से ऊपर है। ऐसे में वैश्विक निवेशक समान पूंजी से अधिक संभावित मूल्य प्राप्त करने के लिए चीन की ओर भी देख रहे हैं। यहां एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बीच भारतीय संस्थागत निवेशक बाजार में पूंजी लगा रहे हैं। म्यूचुअल फंडों के माध्यम से हर महीने 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश भारतीय शेयर बाजार में हो रहा है। इसका अर्थ है कि बाजार से पूंजी पूरी तरह बाहर नहीं जा रही, उसका स्वामित्व और प्रवाह एक हिस्से में विदेशी निवेशकों से घरेलू निवेशकों की ओर स्थानांतरित हो रहा है।

युद्ध, तेल और डॉलर का दबाव

वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव ने भी बाजार की चिंता बढ़ाई है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में संघर्ष और अन्य अंतरराष्ट्रीय तनावों का असर ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गई हैं, जबकि एक वर्ष पहले यह लगभग 65 डॉलर थीं। भारत अपनी कच्चे तेल की खपत का 90 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। इसलिए तेल की कीमतों में बड़ी वृद्धि से आयात बिल, चालू खाते और रुपये पर दबाव बढ़ सकता है।

फिर भी यह समझना आवश्यक है कि आशंका और वास्तविक आर्थिक स्थिति दो अलग-अलग चीजें हैं। भारत में महंगाई को नियंत्रण में रखने के प्रयास अब तक प्रभावी रहे हैं। बाजार भविष्य की संभावित चुनौतियों को वर्तमान कीमतों में शामिल करता है। इसी कारण किसी वैश्विक जोखिम की आशंका भी शेयरों की कीमतों को प्रभावित कर सकती है।

डॉलर की मजबूती ने दबाव और बढ़ाया है। डॉलर इंडेक्स 1 अक्टूबर 2025 के 97.71 से बढ़कर 1 अक्टूबर 2026 को 101.80 के स्तर पर पहुंच गया। इसी अवधि में रुपया लगभग 96 रुपये प्रति डॉलर तक कमजोर हुआ। सोने की कीमत भी 3,871 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर 4,170 डॉलर पहुंच गई है। भारत सोने का बड़ा आयातक है और इसके भुगतान के लिए डॉलर की आवश्यकता होती है। इससे रुपये पर अतिरिक्त दबाव बनता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था की तस्वीर अलग

यदि शेयर बाजार की गिरावट को आर्थिक गतिविधियों के वास्तविक आंकड़ों के साथ रखकर देखा जाए तो तस्वीर काफी अलग दिखाई देती है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। यह वैश्विक अनुमानित वृद्धि दर लगभग 3 प्रतिशत और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं की लगभग 3.8 प्रतिशत दर से काफी ऊपर है। अगस्त 2026 में औद्योगिक विकास दर 8 प्रतिशत रही, जबकि अगस्त 2025 में यह 4.7 प्रतिशत थी। अगस्त 2026 में वस्तुओं का निर्यात लगभग 4,380 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया, जबकि एक वर्ष पहले यह 3,480 करोड़ डॉलर था। 15 सितंबर 2026 को समाप्त पखवाड़े में बैंक ऋण वृद्धि 18.1 प्रतिशत रही, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 10.4 प्रतिशत थी। बैंक जमा की वृद्धि भी 9.5 प्रतिशत से बढ़कर 17.3 प्रतिशत हुई। ऋण-जमा अनुपात लगभग 81 प्रतिशत के स्तर पर पहुंचना अर्थव्यवस्था में बढ़ती ऋण मांग का संकेत देता है।

बैंकिंग क्षेत्र की मजबूती भी महत्वपूर्ण है। सकल गैर-निष्पादित आस्तियां जुलाई 2025 के 2.2 प्रतिशत से घटकर जुलाई 2026 में 1.68 प्रतिशत रह गईं। शुद्ध एनपीए 0.5 प्रतिशत से घटकर 0.4 प्रतिशत रहा। पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17.5 प्रतिशत से बढ़कर 17.8 प्रतिशत हो गया। यह बताता है कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली पहले की तुलना में अधिक मजबूत पूंजी आधार के साथ आर्थिक गतिविधियों को समर्थन दे रही है।

उद्योगों द्वारा उत्पादन क्षमता का 75 प्रतिशत से अधिक उपयोग किया जाना भी अर्थव्यवस्था में मांग की मजबूती दर्शाता है। जब क्षमता उपयोग इस स्तर तक पहुंचता है तो कंपनियों के सामने उत्पादन क्षमता विस्तार की आवश्यकता उभरती है। जीएसटी संग्रह इसका एक और संकेतक है। सितंबर 2026 में 14.5 प्रतिशत वृद्धि के साथ जीएसटी संग्रह 2.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा और लगातार तीसरे महीने यह आंकड़ा दो लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा।

डिजिटल अर्थव्यवस्था की गति भी उल्लेखनीय है। सितंबर 2026 में यूपीआई के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 80 करोड़ से अधिक लेन-देन दर्ज हुए। अगस्त में यह संख्या लगभग 79 करोड़ और सितंबर 2025 में 65 करोड़ से अधिक थी। यह भारत में औपचारिक अर्थव्यवस्था और डिजिटल भुगतान के विस्तार का स्पष्ट संकेत है।

गिरावट को संकट का प्रमाण मानना उचित नहीं

भारतीय शेयर बाजार की मौजूदा गिरावट को पूरी भारतीय अर्थव्यवस्था का आईना मानना उचित नहीं होगा। बाजार पर विदेशी पूंजी की निकासी, वैश्विक ब्याज दरें, डॉलर की मजबूती, तेल की कीमतें, भू-राजनीतिक तनाव और कंपनियों के मूल्यांकन जैसे अनेक कारक एक साथ प्रभाव डाल रहे हैं। इसका अर्थ यह भी नहीं कि भारत के सामने चुनौतियां नहीं हैं। महंगा कच्चा तेल, रुपये पर दबाव और वैश्विक पूंजी के बदलते रुझान अर्थव्यवस्था के लिए वास्तविक जोखिम हैं। इनसे निपटने के लिए ऊर्जा सुरक्षा, निर्यात प्रतिस्पर्धा, विनिर्माण विस्तार, घरेलू पूंजी निर्माण और वित्तीय अनुशासन पर निरंतर ध्यान आवश्यक है।

फिर भी शेयर बाजार में 10-11 प्रतिशत की गिरावट को आधार बनाकर भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने किसी बड़े संकट की तस्वीर खींचना तथ्यों से मेल नहीं खाता। आर्थिक विकास, औद्योगिक उत्पादन, बैंक ऋण, जीएसटी संग्रह, निर्यात, बैंकिंग स्वास्थ्य और डिजिटल लेन-देन जैसे संकेतक व्यापक आर्थिक गतिविधियों में मजबूती दर्शा रहे हैं।

इसलिए वर्तमान स्थिति को भारतीय अर्थव्यवस्था के संकट के रूप में देखने के बजाय वैश्विक पूंजी के पुनर्संयोजन और बाजार मूल्यांकन के सुधार के रूप में देखना अधिक तर्कसंगत होगा। शेयर बाजार का उतार-चढ़ाव अर्थव्यवस्था की पूरी कहानी नहीं होता। असली कसौटी उत्पादन, रोजगार, निवेश, आय, उपभोग और उत्पादकता की दीर्घकालिक दिशा है। इन मोर्चों पर भारत की तस्वीर फिलहाल आशावाद का आधार प्रस्तुत करती है।

(लेखक, आर्थिक मामलों के विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं।)

पाकुड़ की खबरें

एचआईवी व सिफलिस जागरूकता कार्यक्रम

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। केकेएम कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को एचआईवी एवं सिफलिस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स एवं सिफलिस के संक्रमण, बचाव, जांच, उपचार तथा सुरक्षित जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम का समन्वय डॉ. मनोहर कुमार ने किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यार्थियों को संक्रमण के कारणों, बचाव के उपायों तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि सही जानकारी और जागरूकता ही यौन संचारित संक्रमणों से बचाव का प्रभावी माध्यम है।सहायक प्राध्यापक चंद्र ज्ञान तिर्की ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्यों का परिचय कराया। कार्यक्रम में डॉ. प्रकाश मुर्मू, शिव नारायण प्रसाद, रोशन कुमार सेन, ऋषु गुप्ता, समीर कुमार सेन, डॉ. आशीष कुमार भारती एवं डॉ. उपेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य ने सहभागिता की।वक्ताओं ने विद्यार्थियों से एचआईवी एवं सिफलिस को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने तथा जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य केंद्र में जांच और चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सुनील कुमार गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया। वहीं, कार्यक्रम की गतिविधियों का दस्तावेजीकरण सोनु टुडू ने किया।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। सिमलोंग ओपी क्षेत्र के कुंजबोन-सिमलोंग मुख्य सड़क पर बरमासिया के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेहरा गांव निवासी लुखिराम सोरेन (45) के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, लुखिराम सोरेन कुंजबोन से अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बरमासिया के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही सिमलोंग ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिट्टीपाड़ा पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया ।सिमलोंग ओपी प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से लुखिराम सोरेन की मौत हुई है।

पाकुड़ में 33 पुलिसकर्मी सम्मानित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता
पाकुड़। अमड़ापाड़ा बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के समीप किशुन वर्मा ज्वेलर्स में हथियार के बल पर हुई लूटकांड का महज 10 दिनों में सफल उद्भेदन करने वाली विशेष छापेमारी दल के 33 पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने संयुक्त रूप से सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मालूम हो कि अमड़ापाड़ा थाना दिनांक 2 सितंबर 2026 में तीन अज्ञात हथियारबंद अपराधियों द्वारा ज्वेलर्स दुकान में लूटपाट की गई थी। विजय कुमार – अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रवि शर्मा – तत्कालीन थाना प्रभारी, महेशपुर।
मनोज कुमार महतो – तत्कालीन थाना प्रभारी, लिट्टीपाड़ा।
अजय कुमार उपाध्याय – तत्कालीन प्रभारी। बलवन्त कुमार दुबे – तत्कालीन प्रभारी, सिमलौंग ओपी। राहुल कुमार गुप्ता – तत्कालीन प्रभारी, मालपहाड़ी ओपी। अनिल कुमार पंडित – लिट्टीपाड़ा थाना। नागेन्द्र कुमार – पाकुड़िया थाना। चन्दन कुमार सिंह – अमड़ापाड़ा थाना। बुदीलाल मुर्मू – अमड़ापाड़ा थाना। कविन्द्र मिश्रा – अमड़ापाड़ा थाना। अरविन्द राय – नगर थाना। सन्नी सुप्रभात – नगर थाना। सुकदेव कुमार साह – तकनीकी शाखा। रंजन कुमार सिंह – प्रभारी, मीडिया सेल। पप्पु कुमार – साइबर सेल। अमित राय – अमड़ापाड़ा थाना। हवलदार सागेन मुर्मू – अंगरक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महेशपुर। विनयचन्द्र मुर्मू , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महेशपुर। विजय कुमार साहा – अमड़ापाड़ा थाना। सिकन्दर बेसरा, सुरज मुर्मू आरक्षी-190 श्याम सुंदर –रोहित साहा तकनीकी शाखा,आरक्षी-93 महबुब आलम , विकेश कुमार यादव, दिलीप कोल, अंकित बिटू कुमार ,विक्की कुमार मुंशी मरांडी आदि सम्मिलित है।

चार पहिया वाहन दुर्घटनागस्त , बाल- बाल बचे चालक

तीनपहाड़- थाना क्षेत्र के बाकुडी सवालापुर मुख्य सड़क के बाकुडी पेट्रोल पंप के समीप रविवार की रात एक चार पहिया वाहन दुर्घटनागस्त हो गया. हालांकि इस घटना में किसी का हताहत होने की खबर नही है. मिली जानकारी के अनुसार हुंडई कंपनी की कार डब्लू बी 06 टी 3666 बरहरवा की ओर से तीनपहाड़ की ओर जा रही थी. कार जैसे ही बाकुडी पेट्रोल पंप के पास पहुंची उसका संतुलन बिगड़ गया और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुर्घटनागस्त हो गया. हुई दुर्घटना केबाद आस-पास के लोगो की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई. हालांकि हुई इस घटना में जानमाल की क्षति होने की सूचना नही है. लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है.

दो करोड़ की सड़क योजनाओं के चयन पर पार्षदों का विरोध, 8 अक्टूबर को धरने की तैयारी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता
पाकुड़। करीब दो करोड़ रुपये की सड़क मद से संबंधित योजनाओं के चयन को लेकर पाकुड़ नगर परिषद के योजना से वंचित पार्षदों ने विरोध जताया है। पार्षदों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर 8 अक्टूबर को नगर परिषद कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने की अनुमति मांगी है।पार्षदों का आरोप है कि योजना चयन के संबंध में पूर्व में कई बार आवेदन देकर विभागीय मंतव्य प्राप्त होने तक आगे की कार्रवाई पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। इसके बावजूद अब तक इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है। इसी के विरोध में पार्षदों ने धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया है।

आवेदन में धरना में करीब 100 लोगों के शामिल होने की जानकारी दी गई है। विरोध-प्रदर्शन के दौरान माइक के इस्तेमाल के साथ नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कार्यपालक पदाधिकारी के प्रतीकात्मक पुतले दहन करने का भी उल्लेख किया गया है।पार्षदों ने मांग की है कि विभागीय मंतव्य आने तक संबंधित योजनाओं के एकरारनामा, वर्क ऑर्डर समेत अन्य अग्रेतर कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा स्थायी समिति से पारित 11 वार्डों की योजनाओं की वैधानिकता की जांच कराने की मांग की गई है।

पार्षदों का कहना है कि यदि योजना चयन में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित निविदाओं को निरस्त कर सभी 21 वार्डों के लिए नए सिरे से योजना चयन की प्रक्रिया शुरू की जाए।

आवेदन में पार्षदों ने प्रशासन को आश्वस्त किया है कि धरना-प्रदर्शन शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से किया जाएगा। साथ ही प्रशासन की ओर से निर्धारित सभी शर्तों का पालन करने की बात कही गई है।

गंगा कटाव ने बिगाड़ा रेल परिचालन पाकुड़ के यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। साहिबगंज जिले के महाराजपुर में गंगा कटाव के कारण रेल परिचालन छठे दिन भी प्रभावित रहा। साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस के रविवार से परिचालन शुरू होने की उम्मीद में कई यात्रियों ने टिकट बुक करा लिया था, लेकिन बाद में ट्रेन रद्द होने का संदेश मिलने से उनकी यात्रा योजना बिगड़ गई। टिकट रद्द होने के बाद यात्रियों को दूसरी ट्रेनों में सीट तलाशने की परेशानी उठानी पड़ी। तत्काल टिकट हासिल करना भी आसान नहीं रहा।साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस पाकुड़ के यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण ट्रेन बन चुकी है। इस ट्रेन से बड़ी संख्या में यात्री रामपुरहाट, बोलपुर-शांतिनिकेतन, बर्द्धमान, बंडेल और हावड़ा की यात्रा करते हैं। करीब दो वर्ष पहले शुरू हुई इस ट्रेन को झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच बेहतर रेल संपर्क की अहम कड़ी माना गया था। यात्रियों की मांग पर बाद में इसमें एसी चेयर कार और थर्ड एसी कोच भी जोड़े गए थे।इंटरसिटी का परिचालन बंद रहने के साथ 13032 जयनगर-हावड़ा एक्सप्रेस के रद्द रहने से हावड़ा की ओर जाने वाले यात्रियों के सामने विकल्प और सीमित हो गया है। नियमित यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों और व्यवसायियों को इससे विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मेमू ट्रेनों के बंद रहने से छोटे स्टेशनों के यात्री प्रभावित साहिबगंज-बर्द्धमान और साहिबगंज-रामपुरहाट मेमू ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होने से छोटे स्टेशनों से जुड़े यात्रियों की परेशानी भी बढ़ गई है। इन ट्रेनों का इस्तेमाल स्थानीय यात्री, छोटे कारोबारी और सब्जी विक्रेता नियमित रूप से करते हैं। पाकुड़ से सवार होकर रास्ते के विभिन्न छोटे स्टेशनों तक जाने वाले यात्रियों के लिए मेमू ट्रेन सुविधाजनक साधन थी। एक्सप्रेस ट्रेनों के सीमित ठहराव के कारण अब छोटे स्टेशनों तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। इसका असर रोजमर्रा की खरीद-बिक्री और छोटे कारोबार से जुड़े लोगों की आवाजाही पर भी पड़ा है।चार अक्टूबर से इंटरसिटी का परिचालन शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन रेलखंड की स्थिति सामान्य नहीं होने के कारण सेवा बहाल नहीं हो सकी। रेल परिचालन पूरी तरह कब सामान्य होगा, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

दुर्गापूजा को लेकर ज़िला प्रशासन ने कसी कमर, शांति समिति की बैठक संपन्न

पाकुड़। दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई जिसमें विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे समिति के सदस्यों से पूजा की तैयारियों, स्थानीय समस्याओं एवं विधि-व्यवस्था की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पूजा स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश सहित आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पूजा स्थलों एवं प्रमुख मार्गों पर पड़े निर्माण सामग्री को हटाने, विसर्जन मार्ग व सड़कों की मरम्मत, ट्रैफिक व्यवस्था, रूट प्लान, प्रवेश-निकास तथा अग्निशमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

मासिक गुरुगोष्ठी में स्कूलों की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों की हुई समीक्षा

हिरणपुर (पाकुड़)। प्रखंड संसाधन केंद्र हिरणपुर में सोमवार को मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीईईओ सुधा कुमारी ने की। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली गई।बैठक में दाहर ऐप 2.0, यू-डायस प्लस 2026 अद्यतन, सामाजिक अंकेक्षण एवं ग्राम सभा, 'एक पेड़ मां के नाम', विद्यालय स्वास्थ्य रिपोर्ट, विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन एवं अद्यतन तथा एनआईएलपी पुरस्कार सूची सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके अलावा ई-विद्या वाहिनी पर छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति अपलोड करने, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की उपस्थिति एवं एसएमएस की स्थिति की समीक्षा की गई। सितंबर माह में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विद्यालयों में की गई जांच की वर्गवार रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा छात्रों की राशि से संबंधित जानकारी कल्याण विभाग के पोर्टल पर दर्ज करने को लेकर भी निर्देश दिए गए। बैठक में प्रयास कार्यक्रम के संचालन एवं रजिस्टर के सही संधारण, दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति एवं उनके परिवहन की व्यवस्था, विद्यालयों में सूचना एवं संचार तकनीक आधारित स्मार्ट कक्षा, स्कूल किट वितरण तथा प्रोजेक्ट रेल एवं प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के संचालन की स्थिति की भी जानकारी ली गई।बीईईओ सुधा कुमारी ने सभी विद्यालयों में अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा विभागीय निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, चार माह बाद प्राथमिकी दर्ज

महेशपुर (पाकुड़) थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव निवासी संतोष कुमार दे के पुत्र विशाल कुमार दे की सड़क हादसे में मौत के मामले में महेशपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना 28 जुलाई 2026 की रात करीब 9÷30 बजे की बताई गई है।पुलिस को दिए आवेदन के अनुसार, विशाल कुमार दे किसी कार्य से पंचायत गायबथान स्थित तिलका मांझी के समीप गया था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल विशाल की मौत हो गई।परिजनों ने बताया कि मानसिक एवं शारीरिक स्थिति खराब होने के कारण घटना के बाद थाना में आवेदन देने में विलंब हुआ। मृतक के पिता संतोष कुमार दे ने महेशपुर थाना प्रभारी को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी।आवेदन के आधार पर महेशपुर थाना में कांड संख्या 166/26, दिनांक 4 अक्टूबर 2026 को भारतीय न्याय संहिता (ब्न्हस्) की धारा 281/106(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की पहचान और तलाश शुरू कर दी है।

मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायतों पर चर्चा

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। प्रखंड के रोगड़ी स्थित विधायक आवास में सोमवार को झामुमो प्रखंड समिति की बैठक विधायक हेमलाल मुर्मू की उपस्थिति में हुई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की गई। इस दौरान बूथ स्तर पर संगठन की सक्रियता और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा हुई।बैठक में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2), पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का आकलन किया गया। कार्यकर्ताओं की ओर से जमा कराए गए फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 की संख्या तथा आवेदकों को मिली पावती रसीद की स्थिति की भी जानकारी ली गई। 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के नए एवं युवा मतदाताओं के पंजीकरण की धीमी गति पर चिंता जताते हुए अभियान में तेजी लाने का निर्णय लिया गया।बैठक के दौरान बिना उचित प्रशासनिक सत्यापन के वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने की शिकायतों पर भी चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर बीएलओ द्वारा फॉर्म स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। वहीं, फॉर्म जमा करने के बाद आवेदकों को पावती रसीद नहीं दिए जाने की शिकायत भी सामने आई। कार्यकर्ताओं ने इन मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रत्येक योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना उसका अधिकार है। उन्होंने बैठक में तैयार की गई विस्तृत रिपोर्ट हर हाल में 7 अक्टूबर तक जिला समिति को सौंपने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जिला समिति की ओर से सभी प्रखंडों में नियुक्त पर्यवेक्षक रिपोर्ट तैयार करने में प्रखंड समिति को आवश्यक सहयोग देंगे।बैठक में जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम, विकास मुर्मू, रंजन साहर, समद अली, दानिएल किस्कू, प्रसाद हांसदा, इसाक अंसारी समेत झामुमो के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पाकुड़ की कबड्डी टीम बनी राज्य की उपविजेता प्रिंस कुमार रॉय को मिला बेस्ट रेडर का खिताब

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। 20वीं झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में पाकुड़ जिला पुरुष कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता में टीम के खिलाड़ियों ने दमदार खेल, बेहतर तालमेल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए जिले का नाम राज्य स्तर पर रोशन किया।क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पाकुड़ की टीम ने खूंटी को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बोकारो की टीम को हराया और फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला पाकुड़ और कोडरमा के बीच हुआ, जिसमें पाकुड़ की टीम को हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही टीम को उपविजेता से संतोष करना पड़ा।प्रतियोगिता में पाकुड़ के खिलाड़ी प्रिंस कुमार रॉय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके शानदार खेल के लिए उन्हें प्रतियोगिता का 'बेस्ट रेडर' घोषित किया गया। उनकी इस उपलब्धि से जिले के खेल प्रेमियों में भी उत्साह है।

अमड़ापाड़ा में निकाली गई प्रभात फेरी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता अमड़ापाड़ा (पाकुड़)। वन्यजीवों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से वन्यजीव सप्ताह के तहत अमड़ापाड़ा में प्रभात फेरी निकाली गई। वन प्रमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर 2 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों के तहत सोमवार को निकाली गई प्रभात फेरी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं वन विभाग के कर्मियों ने भाग लिया।प्रभात फेरी बुनियादी विद्यालय, अमड़ापाड़ा से शुरू होकर मुख्य बाजार के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए वन विभाग परिसर पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जागरूकता संबंधी तख्तियों के माध्यम से लोगों को वन, पर्यावरण एवं वन्यजीवों के संरक्षण का संदेश दिया।प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को वन्यजीवों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही वन्यजीवों के प्रति प्रेम, संवेदना और सह-अस्तित्व की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया।कार्यक्रम में वन क्षेत्र पदाधिकारी बबलू कुमार देहरी, वनरक्षी सुनील कुमार साह सहित वन विभाग के समस्त कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों, विशेषकर विद्यार्थियों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक कर प्रकृति की रक्षा के लिए प्रेरित करना था।

उपराष्ट्रपति के प्रस्तावित देवघर दौरे की तैयारियों की डीसी ने की समीक्षा

देवघर । उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने सोमवार को उपराष्ट्रपति के संभावित देवघर दौरे को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और प्रशासनिक तैयारियों पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु रखने का निर्देश दिया, ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से की जा रही तैयारियों की प्रगति की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को वीआईपी मूवमेंट से जुड़े निर्धारित प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी निर्धारित कार्यों को तय समय-सीमा में निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर, उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला नजारत उपसमाहर्ता मुकेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप कुमार, ट्रैफिक डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी समेत संबंधित अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह आरंभ

देवघर संताल एक्सप्रेस । विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अवसर पर बाल सुधार गृह-सह-सम्प्रेक्षण गृह, देवघर में सोमवार को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम 05 से 10 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इसका उद्घाटन डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. प्रदीप गुप्ता एवं सम्प्रेक्षण गृह के वरीय पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, देवघर की भी सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर बच्चों एवं किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक कल्याण तथा समग्र व्यक्तित्व विकास पर चर्चा की गई। श्री एम.डी. शरीफ ने मानसिक तनाव एवं व्यवहार संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान तथा आवश्यक मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक सहयोग के महत्व की जानकारी दी। प्रतिनिधियों ने बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों, उपलब्ध विधिक सहायता एवं निःशुल्क कानूनी सहयोग की जानकारी दी। उपस्थित बच्चों एवं कर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहने तथा सकारात्मक वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अभिमन्यु कुमार डांगी सहित सम्प्रेक्षण गृह के वरीय पदाधिकारी, कर्मचारी, प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे। अभियान के तहत 10 अक्टूबर तक विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

गढ़वा में 14 साल बाद परिवार से बिछड़ी बेटी मिली

देवघर । वर्ष 2011 में किशोरावस्था में परिवार से बिछड़ी वृंदा कुमारी 14 साल बाद अपने परिवार से मिल गई। देवघर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) और जिला प्रशासन के लगातार प्रयासों से उसका परिवार गढ़वा में मिला। गढ़वा जिले के रमना प्रखंड के चटनियां गांव की रहने वाली वृंदा वर्ष 2011 में भटकते हुए हावड़ा पहुंच गई थी। उस समय वह ठीक से बोल नहीं पा रही थी। हावड़ा सीडब्ल्यूसी ने उसे एक साल तक अपने संरक्षण में रखा। इसके बाद वर्ष 2012 में उसे देवघर बालिका गृह भेजा गया। देवघर बालिका गृह में रहने के दौरान वृंदा का रांची स्थित रिनपास में नियमित इलाज कराया गया। देखभाल और काउंसिलिंग से उसकी स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हुआ और वह अपने परिवार से जुड़े नाम याद करने लगी। वर्ष 2026 में वृंदा से मिले सुराग के आधार पर उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया के निर्देश पर देवघर सीडब्ल्यूसी ने रमना थाना प्रभारी और स्थानीय मुखिया से संपर्क किया। खोजबीन के बाद उसके परिवार का पता चला। परिवार ने लंबे समय से मान लिया था कि वृंदा अब जीवित नहीं है। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद 25 सितंबर को वृंदा को रमना थाना परिसर में उसके परिजनों को सौंप दिया गया। 14 साल बाद बेटी को सुरक्षित पाकर परिवार भावुक हो उठा। इसके साथ ही वर्षों से बिछड़े परिवार के मिलन की कहानी सुखद अंत तक पहुंची।

इनर व्हील क्लब ने 7 मेधावी विद्यार्थियों के एलओसी फॉर्म में किया आर्थिक सहयोग

देवघर संताल एक्सप्रेस । मेधावी विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उनकी शैक्षणिक यात्रा में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से इनर व्हील क्लब ऑफ देवघर, डिस्ट्रिक्ट 325 ने सराहनीय पहल की। क्लब की ओर से आर. मित्रा जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, देवघर के कक्षा 10 के सात चयनित मेधावी विद्यार्थियों के फॉर्म भरने में आर्थिक सहयोग किया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने विगत वर्षों की परीक्षाओं में विद्यार्थियों के निरंतर प्रदर्शन, नियमित मूल्यांकन तथा उनके शैक्षणिक एवं विद्यार्थीगत गुणों के आधार पर इन सात विद्यार्थियों का चयन प्रॉमिसिंग स्टूडेंट्स के रूप में किया है। शिक्षकों को उम्मीद है कि ये विद्यार्थी आगामी [illegible] बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉप-10 विद्यार्थियों में स्थान बनाएंगे। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की ओर से विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं तथा ईमानदारी, कठिन परिश्रम और कदाचार-मुक्त वातावरण में परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया। क्लब अध्यक्ष डॉ. ममता किरण ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सही समय पर प्रोत्साहन मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने लक्ष्य की ओर बेहतर तरीके से आगे बढ़ते हैं।

दुमका नगर थाना प्रभारी लाइन हाजिर

दुमका। नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार राम को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। वर्तमान में मुफस्सिल थाना प्रभारी जगन्नाथ धान को नगर थाने का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह कार्रवाई एसपी पीतांबर सिंह खैरवार द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए की गई है।

आरटीआई के जवाब में खुली पोल, थाना परिसर से गायब बाइक बाद में वहीं मिली थाना प्रभारी अशोक कुमार राम पर कार्रवाई का यह पूरा मामला नगर थाना पुलिस द्वारा एक युवक की बाइक जब्त किए जाने से जुड़ा हुआ है। बाइक को थाना परिसर में ही रखे जाने की जानकारी मिली थी। लेकिन जब बाइक नहीं मिली, तो संबंधित पक्ष ने सूचना के अधिकार के माध्यम से इस पर जानकारी मांगी।

आरटीआई के जवाब में पुलिस ने बताया कि बाइक थाना परिसर में मौजूद नहीं है। हालांकि, बाद में वही बाइक रहस्यमयी तरीके से दोबारा नगर थाना परिसर से ही बरामद हो गई। इस लापरवाही और गड़बड़ी को देखते हुए एसपी ने सख्त कदम उठाया।

डीसी ने डीसीपीयू के रिक्त पदों पर जल्द बहाली का दिया निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । देवघर के उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने सोमवार को सामाजिक सुरक्षा एवं बाल संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में सामाजिक कल्याण योजनाओं, बाल संरक्षण गतिविधियों और पात्र लाभुकों तक सरकारी सुविधाओं की पहुंच की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए इसमें तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने डीसीपीयू के सभी शेष रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने को कहा, ताकि इकाई को मजबूत करने के साथ विभागीय कार्यों में तेजी लाई जा सके। बैठक में सामाजिक सुरक्षा और बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत सरकारी संस्थाओं तथा गैर-सरकारी संगठनों के कामकाज की भी बिंदुवार समीक्षा हुई।

उपायुक्त ने सभी संस्थाओं को आपसी समन्वय से काम करने और बच्चों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने देने का निर्देश दिया। स्पॉन्सरशिप योजना और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र और जरूरतमंद लाभुकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना बाधा और देरी के मिलना सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, एडीएसएस सरिता भारती, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी समेत संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मंत्री हफीजुल हसन ने किया उद्घाटन

संवाददाता

मधुपुर । नगर परिषद क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा को बढ़ावा देने के उद्देश्य नगर के वार्ड संख्या 22 पत्थरचपट्टी में सोमवार को शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण विभाग हफिजुल हसन के द्वारा किया गया. वार्ड में शहरी स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन से वार्ड एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुक्त में प्राप्त हो सकेगा साथ ही डॉक्टर परामर्श, कई तरह के जांच एवं दवा आदि का वितरण हो पाएगा. मौके पर मंत्री हफिजुल हसन ने बताया कि सरकार लगातार शहरी क्षेत्र में भी स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने पर जोर दे रही है, इसी कार्य में आज या सारी स्वास्थ्य केंद्र जिसे सरिया आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से जाना जाता है, का उद्घाटन किया गया है. जिसमें प्राथमिक रूप से इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी आगे चलकर सरकार टेलीमेडिसिन, वैक्सीनेशन आदि की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी. मौके पर उपस्थित नगर अध्यक्ष दरक्षा प्रवीण ने कहा कि नगर परिषद शहर में साफ सफाई के अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा मुहैया करायगी. वही उपाध्यक्ष ऋषभ भारद्वाज ने कहा कि मेरे वार्ड के साथ साथ पुरे नगरपालिका क्षेत्र के जरूरतमंदो को इसका लाभ मिलेगा. प्राथमिक उपचार किसी भी मरीज के काफी महवपूर्ण होता है. उन्होंने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लाभ उठाये. मौके पर कार्यक्रम में कार्यपालक पदाधिकारी सुरेंद्र किस्कु, वार्ड पार्षद , सहित कई जनप्रतिनिधि, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ,नगर मिशन प्रबंधक विजय कुमार, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अदीबा समरीन, नर्स ललिता कुमारी ,एमपीडब्ल्यू अजय कुमार दा,स सपोर्टर स्टाफ, पूजा कुमारी,धनंजय एवं वार्ड वासी आदि उपस्थित रहे।

भाजपा ग्रामीण मंडल की हुई मासिक बैठक

संवाददाता

मधुपुर । प्रखंड क्षेत्र के गड़िया में सोमवार को भाजपा ग्रामीण मण्डल की मासिक बैठक आहूत की गई. बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष अनूप कुमार भैया ने की. उन्होंने कहा कि बैठक में संगठन को लेकर कई बातों पर चर्चा किया गया. अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना व केंद्र सरकार की योजना से होने वाले लाभ को जनता के बीच रखना है. वही प्रमुख रूप से आगामी 7 अक्टूबर को देवघर में सेवा यात्रा में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को शामिल होने पर बल दिया गया. उन्होंने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार सभी कार्यक्रमों के पूरा किया जा रहा है. मौके पर पूर्व अध्यक्ष महेंद्र भोक्ता, दिनेश यादव, पंकज दास, धनंजय रवानी, उमेश प्रसाद सिंह, राजेश कुमार रजवार, महेंद्र दास, बंकू वर्मा, अविनाश ठाकुर, अजय भैया, संतोष कुमार दास, फुलेश्वर मंडल, बालकिशुन तुरी, उमेश वर्मा,भवदेव राउत, मानिक झा, रविंद्र भैया, मनोज सिंह, दीपक सिंह, चंदन रवानीसहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

संपत्ति कर वसूली में तेजी बकाएदारों को नोटिस

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । नगर निगम कार्यालय सभागार में सोमवार को राजस्व संग्रहण को लेकर नगर आयुक्त सुलोचना मीणा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें संपत्ति कर वसूली की स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। नगर आयुक्त ने सभी राजस्व निरीक्षकों को अपने-अपने वार्डों में घर-घर जाकर शत-प्रतिशत संपत्ति कर वसूली सुनिश्चित करने को कहा। कर भुगतान में लापरवाही करने वाले और बकाएदारों को विधिवत नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि फिलहाल विभागीय निर्देश के अनुसार केवल संपत्ति कर की वसूली की जा रही है। ट्रेड लाइसेंस और जल कर की वसूली विभाग से आधिकारिक आदेश मिलने के बाद शुरू होगी। नगरवासियों की सुविधा के लिए जन सुविधा केंद्रों पर सीधे संपत्ति कर जमा करने की व्यवस्था भी की गई है। बैठक में सहायक नगर आयुक्त, नगर मिशन प्रबंधक, टैक्स दरोगा, राजस्व निरीक्षक और टैक्स कलेक्टर मौजूद थे।

सिदो-कान्हू मेडिकल कॉलेज में पहले एमबीबीएस बैच का शानदार आगाज

संवाददाता

दुमका। जिले के रानीश्वर प्रखंड अंतर्गत पाथरबागान (सादीपुर) स्थित सिदो-कान्हू मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में फर्स्ट एमबीबीएस 2026 बैच का भव्य शुभारंभ सोमवार को हुआ। इस ऐतिहासिक पल के गवाह नव नामांकित छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक और कॉलेज प्रबंधन बने। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त अभिजीत सिन्हा और अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया, जिसने ग्रामीण क्षेत्र में उच्च चिकित्सा शिक्षा के एक नए अध्याय की शुरुआत की। समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने इसे जिले के लिए एक बेहद गौरवशाली क्षण बताया। उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण इलाके में मेडिकल कॉलेज का संचालन न सिर्फ इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है, बल्कि एक बड़ी उपलब्धि भी है। यहां से शिक्षा ग्रहण कर निकलने वाले युवा चिकित्सक भविष्य में पूरे देश और समाज की सेवा करेंगे। इसके साथ ही, इस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के शुरू होने से स्थानीय ग्रामीणों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं आसानी से मिल सकेंगी। संस्थान की व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यहां छात्रों को एक बेहतरीन शैक्षणिक माहौल देने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।इस खास मौके पर उपायुक्त ने अपने हाथों से कई होनहार एमबीबीएस छात्र-छात्राओं को डॉक्टर की पहचान माने जाने वाले व्हाइट कोट और स्टेथोस्कोप प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पूरी लगन, प्रतिबद्धता और सेवा भाव के साथ अपनी पढ़ाई पूरी करने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने दूर-दराज से आए छात्रों और उनके अभिभावकों को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों से कई बच्चे अपने घर-परिवार से दूर रहकर यहां अपने सपनों को उड़ान देंगे।

तालझारी थाना का एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

जरमुंडी। जरमुंडी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवल किशोर सिंह ने तालझारी थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना के संपूर्ण प्रशासनिक एवं विधि व्यवस्था से जुड़े कार्यों की बारीकी से जांच की। एसडीपीओ श्री सिंह ने थाना के सभी पंजियों का अवलोकन कर अपराध पंजी, स्टेशन डायरी, केस डायरी, वारंट पंजी, कुर्की पंजी, गुंडा पंजी, आगंतुक पंजी सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, पुलिस पदाधिकारी के आवासन स्थल को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संतोष जताया और इसे और बेहतर बनाए रखने को कहा। इस क्रम में उन्होंने थाना में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों से बारी-बारी से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। एसडीपीओ ने कहा कि थाना में आने वाले हर फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुनें और त्वरित कार्रवाई करें। एसडीपीओ ने कहा कि आगामी दुर्गा पूजा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इस अवसर पर थाना प्रभारी संगम पाठक, एसआई अक्षय कुमार, एसआई लालदेव उरांव, एसआई सुनील कुमार, एएसआई गौरव पाठक सहित थाना के सभी पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

पति की गैर-मौजूदगी का फायदा उठाकर पड़ोसी ने लांघी मर्यादा

दुष्कर्म का आरोपी राजमिस्त्री गिरफ्तार

संवाददाता

शिकारीपाड़ा । थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है, जहां दो बच्चों की मां के साथ उसके ही पड़ोसी ने जबरन दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर-दबोचा है और उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना 25 सितंबर की रात की है। पीड़िता का पति आजीविका कमाने के लिए करीब 20 दिन पहले ही तमिलनाडु गया हुआ था। महिला रात में अपने बच्चों के साथ झोपड़ी में सोई हुई थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला सुनील राणा, जो खुद शादीशुदा है और पेशे से राजमिस्त्री का काम करता है, झोपड़ी के तटीय गेट को हटाकर चुपके से अंदर घुस गया।

आरोपी ने महिला के जागने पर उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया ताकि वह शोर न मचा सके। पीड़िता ने अपने बचाव में काफी विरोध किया, जिसके कारण वह चोटिल भी हो गई, लेकिन आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती की और वारदात को अंजाम देकर मौके से भाग निकला।

तीन खिलाड़ियों ने नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीते सिल्वर मेडल

मधुपुर । मध्य प्रदेश के इंदौर में 2 से 4 अक्टूबर तक आयोजित नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए मधुपुर के तीन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया. तीनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से मधुपुर सहित पूरे देवघर जिले में खुशी का माहौल है. प्रतियोगिता के सब-जूनियर वर्ग में मनीषा कुमारी ने अंडर-35 किलोग्राम, जबकि जस्टिन बास्की ने अंडर-32 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया. वहीं जूनियर वर्ग में इमरान हसन ने अंडर-63 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया. तीनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय देते हुए झारखंड के साथ-साथ मधुपुर का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है. छोटे शहर मधुपुर से निकलकर बच्चों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंचना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है. खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला ताइक्वांडो संघ के चैयरमेन संजय शर्मा ने कहा कि बच्चों की यह सफलता अन्य खिलाड़ियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी. साथ ही अध्यक्ष गिरधर यादव, सचिव दीपक मैसी, जिला उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा, सुस्मिता चक्रवर्ती, नन्द किशोर शर्मा सहित देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष वा सचिव डॉ सुनील खवाड़े, आशीष झा ने सभी बच्चो को शुभकामनाएँ दी. तीनों खिलाड़ियों की सफलता में उनके कोच दीपक मैसी व राज मंडल, अभिभावकों और प्रशिक्षण से जुड़े सभी लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा. खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय लगातार अभ्यास, अनुशासन और कड़ी मेहनत को दिया.

नंदन पार्क में सेवा एवं स्वच्छता अभियान सहभागियों का जताया आभार

देवघर । नंदन पार्क में आयोजित सेवा एवं स्वच्छता अभियान में शहरवासियों, सदस्यों एवं सहयोगियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सेवा, सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा। अभियान के दौरान उपस्थित सदस्यों एवं सहयोगियों ने नंदन पार्क परिसर में स्वच्छता कार्यों में सहभागिता निभाई और लोगों को सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्वच्छ वातावरण के महत्व तथा सामूहिक प्रयास से समाज को बेहतर बनाने का संदेश दिया गया। आयोजकों ने अभियान में अपना बहुमूल्य समय देने, सहयोग करने और इस नेक पहल का हिस्सा बनने वाले सभी सदस्यों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसी भी सामाजिक पहल की सफलता सामूहिक सहभागिता से ही संभव होती है। सभी के सहयोग और सक्रिय भागीदारी से सेवा एवं स्वच्छता अभियान सफल रहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प ले, तो शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। अभियान के माध्यम से लोगों से अपील की गई कि मिलकर सेवा करें, स्वच्छता रखें और समाज को बेहतर बनाने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं।

श्री दिगंबर जैन मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम

देवघर संताल एक्सप्रेस । भक्तामर गुणमाला कक्ष के द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर श्री दिगंबर जैन मंदिर में सकल जैन समाज की उपस्थिति में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ हुई। इसके बाद सामूहिक नित्य पूजा संपन्न कर पंच परमेष्ठी मंगल विधान प्रारंभ किया गया। विदित हो कि भक्तामर गुणमाला कक्ष का उद्घाटन दो वर्ष पूर्व झारखंड राज्य दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन द्वारा किया गया था। द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पंच परमेष्ठी मंगल विधान के बाद हवन किया गया। भक्तामर गुणमाला कक्ष में 48 दीप प्रज्वलित किए गए। भक्तामर स्तोत्र के मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की। संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान पंडित दीपक जैन, हजारीबाग के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान संगीतमय विधान का श्रद्धालुओं ने भरपूर आनंद लिया। जबलपुर एवं राजस्थान से आए यात्रियों ने भजन-गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया और उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। धार्मिक कार्यक्रम के समापन के बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। आयोजन में सकल जैन समाज की सक्रिय सहभागिता रही।

बच्चों को चाकू दिखाकर रंगदारी वसूलने वाला किशोर बस स्टैंड से गिरफ्तार, साथी की तलाश

दुमका। नेशनल स्कूल के पास छात्रों को चाकू का डर दिखाकर रंगदारी मांगने वाले एक किशोर को सोमवार की दोपहर स्थानीय लोगों ने बस स्टैंड से रंगे हाथ पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद लोगों ने उसे नगर थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। पकड़ा गया आरोपित किशोर नेशनल स्कूल के पीछे के इलाके का ही रहने वाला है, जबकि पुलिस अब उसके दूसरे साथी की तलाश में जुट गई है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस को जानकारी दी कि पिछले कुछ दिनों से यह किशोर अपने एक साथी के साथ मिलकर स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को जबरन रोकता था। इसके बाद वह बच्चों को चाकू दिखाकर एक-एक हजार रुपये की रंगदारी मांगता था। लगातार मिल रही इस धमकी और प्रताड़ना के कारण स्कूली बच्चे बेहद डरे हुए थे और उन्होंने स्कूल जाना तक बंद कर दिया था। इस परेशानी से निजात पाने के लिए बच्चों ने हिम्मत दिखाई और मोबाइल फोन में उस किशोर की तस्वीर कैद कर ली। सोमवार को उसी तस्वीर के आधार पर लोगों ने उसे बस स्टैंड पर पहचान कर दबोच लिया। वहीं पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए किशोर ने खुद को बेकसूर बताया है। उसका कहना है कि उसने कभी किसी बच्चे को चाकू नहीं दिखाया, बल्कि उसके साथी ने बच्चों को परेशान किया था। पुलिस ने पकड़े गए किशोर के जरिए उसके साथी को फोन करवाकर थाने बुलाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी साथी ने कई बार फोन करने के बाद भी बात नहीं की। नगर थाना की पुलिस अब फरार चल रहे दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

बरहरवा के राज आमिर ने पीआईडब्लूएफ वेडिंग अवार्ड्स 2026 में जीता बेस्ट एडिटर अवार्ड

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बरहरवा- झारखंड के साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड अंतर्गत केंदुआ बरहरवा गांव के रहने वाले राज आमिर ने अपनी मेहनत और हुनर के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है. राज आमिर ने पीआईडब्लूएफ वेडिंग अवार्ड्स 2026 में 'बेस्ट एडिटर अवार्ड' अपने नाम कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है.पीआईडब्लूएफ को वेडिंग फिल्म मेकिंग और एडिटिंग के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित मंच माना जाता है. इस मंच तक पहुंचना देश भर के कई वेडिंग फिल्म मेकर और एडिटर्स का सपना होता है.ऐसे बड़े मंच पर राज आमिर का सम्मानित

होना उनके लिए ही नहीं बल्कि पूरे साहिबगंज और झारखंड के लिए गौरव की बात है.4,000 से अधिक एडिटर्स के बीच हासिल किया मुकाम बताया गया कि पीआईडब्लूएफ वेडिंग अवार्ड्स 2026 के वीडियो सब मिशन और ऑक्शन प्रोसेस में देश के अलग-अलग राज्यों से 4,000 से अधिक एडिटर्स ने हिस्सा लिया था.

मुकाबले के बीच राज आमिर

सीनियर वूशु चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने जीता 01 स्वर्ण, एक, रजत और 3 कांस्य पदक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - झारखंड वूशु संघ रांची के तत्वावधान में प्रेम वाटिका हॉल सिल्ली रांची में 3-4 अक्टूबर तक संपन्न हुए 22वीं झारखंड राज्य स्तरीय सिनियर वूशु चैंपियनशिप में जिला वूशु संघ साहिबगंज के सचिव सह प्रशिक्षक मृतुन्जय राय एवं सरताफ के नेतृत्व में भाग लेते हुए 01 स्वर्ण, 01 रजत व 03 कांस्य पदक जीता.विजेता खिलाड़ियों को डीसी दीपक कुमार दूबे,जिला खेल पदाधिकारी नयन कुमार,शिक्षक अभिनव कुमार,खेल शिक्षिका जूली मुर्मू सहित जिले के खेल प्रेमियों ने बधाई दी.ये खिलाड़ी ने जीता पदकप्रिती कुमारी ने 60 किलो वर्ग में स्वर्ण, प्रिंस कुमार ने 45 किलो वर्ग में रजत, सुनीता मरांडी 56 किलो वर्ग , रीना हांसदा ने 52 किलो वर्ग,विराट कुमार 60 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीत जिले का नाम रौशन किया.

खराब पड़े स्ट्रीट लाइट जल्द होगे दुरूस्त :अध्यक्ष

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज-साहिबगंज नगर परिषद कार्यालय में सोमवार को नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान की अध्यक्षता में स्थाई समिति की बैठक हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा से पहले शहर में खराब पड़े सभी स्ट्रीट लाइट, सूर्या का लाइट ओर डबल एसएल ओर 60 वाट के लाइट का मरम्मत किया जाएगा. ओर नया स्ट्रीट लाइट की

खरीदारी कर पूजा से पहले शहर में लगाया जाएगा. ताकि पूजा त्योहार में शहर का प्रत्येक गली मोहल्ला दूधिया रौशनी से रौशन हो. मौके पर उपाध्यक्ष विनीता देवी, कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, वार्ड पार्षद रिफत प्रवीण, चमरू उरांव, शेखर पासवान, बुशरा तहरीम, दीपा देवी ओर कार्यालय कर्मी सोनू हरि उपस्थित थे.

रेलवे ट्रैक को बचाने के लिए रेलवे का तटबंध बचाव की मुहिम जारी,कई ट्रेन रद्द और रूट डाइवर्ट

साहिबगंज - मालदा रेल मंडल के लूप रेल खंड के सकरीगली-महाराजपुर रेलवे स्टेशन के बीच अवस्थित झंझरी पुल के समीप हो रही गंगा कटाव से रेलवे ट्रैक को बचाने के लिए पोल नंबर 219/32 व 219/19 के बीच रेलवे प्रशासन के द्वारा सातवें दिन सोमवार को भी तटबंध बचाव की मुहिम जारी रही. हालांकि ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक सातवें दिन भी जारी रहा. 29 सितबंर की शाम से यहां डाउन ट्रैक पर ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लगी हुई है. इसके पूर्व डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता, एडीआरएम अमरेंद्र कुमार मौर्या, डीईएन विद्युत मंडल, एईएन वेद व्यास शरण, आरपीएफ इंस्पेक्टर गुलाम सरवर की मौजूदगी में रेलवे के कई दर्जनों अधिकारी व सैकड़ों गैंगमैन, मजदूरों की मेहनत सफल होती दिख रही है. बोल्डर क्रेटिंग, स्लीपर व पॉक्यूपाइन टिके हुए हैं. गंगा के बहाव में भी कमी आयी है. इससे सकारात्मक संदेश मिल रहा है.

कब्रिस्तान एवं ईदगाह में मूलभूत सुविधाओं को लेकर कांग्रेसियों ने नप अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज - साहिबगंज शहर के कब्रिस्तान एवं ईदगाह में मूलभूत सुविधाओं के विकास एवं बेहतर व्यवस्था की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमिटी साहिबगंज के जिला महासचिव सरफराज आलम के नेतृत्व में कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान से मुलाकात कर मांग-पत्र सौंपा.मांग-पत्र में मुख्य रूप से कब्रिस्तान में वसूले जा रहे 250 रूपया शुल्क/टैक्स को समाप्त करने, कब्रिस्तान की साल में कम से कम चार बार साफ-सफाई एवं जंगल कटाई, खराब पड़े हाई-मास्ट लाइट एवं बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने, तथा पूरे ईदगाह परिसर में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक लगाने की मांग की.इसके अलावा कब्रिस्तान की चारदीवारी एवं प्रवेश द्वार की मरम्मत, पेयजल की समुचित व्यवस्था, कब्रिस्तान एवं ईदगाह तक जाने वाले रास्तों की मरम्मत, नियमित कूड़ा उठाव एवं साफ-सफाई तथा ईदगाह में नमाज के दौरान श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है.सरफराज आलम ने कहा कि कब्रिस्तान और ईदगाह शहर के महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थल हैं. यहां आने वाले लोगों को बेहतर एवं सम्मानजनक सुविधाएं मिलना आवश्यक है. उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष से मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किया.इस दौरान कांग्रेस जिला महासचिव मो. सलाउद्दीन, कांग्रेस जिला सचिव मो. निजामुद्दीन एवं वरिष्ठ कांग्रेसी मो. सलाउद्दीन सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे.नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान ने मांग-पत्र में रखी गई सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि कब्रिस्तान एवं ईदगाह से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा तथा मांगों को पूरा करने के लिए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र शुरू की जाएगी.

आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक देश भर में चल रहे सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत् सोमवार को साहिबगंज ग्रामीण मंडल के महादेवगंज स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का आयोजन साहिबगंज ग्रामीण मंडल की अध्यक्षता में किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजमहल विधानसभा क्षेत्र के निवर्तमान विधायक अनंत कुमार ओझा जी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम कुमार यादव उपस्थित हुए.मौके पर निवर्तमान विधायक अनंत कुमार ओझा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने और देश के विकास के प्रति उनकी दूरदर्शी सोच का उल्लेख किया. उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक विकास को मजबूत बनाने पर जोर दिया.

बोरियो में झारखंड मजदूर संघ की प्रखंड कमेटी का विस्तार

बोरियो-झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की बोरियो प्रखंड कमेटी का विस्तार सोमवार को प्रखंड परिसर में प्रखंड अध्यक्ष जॉर्ज पहाड़िया की अध्यक्षता में हुई.बैठक में संघ के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी मुख्य रूप से शामिल हुए.बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि मजदूरों और आम लोगों से जुड़ी समस्याओं को लेकर संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा.उन्होंने कहा कि खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन कानून में मजदूर हितों का ध्यान रखा जाए.महंगाई पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा चारों नए श्रम कानूनों को अविलंब वापस लिया जाए.उन्होंने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजदूरों को एकजुट होकर आवाज बुलंद करने का आह्वान किया.उन्होंने बताया कि 7 अक्टूबर को जिला मुख्यालय साहिबगंज के समक्ष श्रम समस्याओं एवं केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा.इस दौरान यूपीआई टैक्स वापस लेने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आवाज उठाई जाएगी.

गौरचन्द्र बागती हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार चचेरे भाई बहादुर बागती ने की थी हत्या

संताल एक्सप्रेस राजमहल- व्यवसायी गौरचन्द्र बागती हत्याकांड में राजमहल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के अंदर गौरचन्द्र बागती हत्याकांड के मामले का खुलासा किया है. सोमवार को राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि बीते दिन सुबह करीब 4¬45 बजे राधानगर थाना में ऐसी सूचना प्राप्त हुआ कि मोहनपुर चौक के पास फोरलेन सड़क पर मोहनपुर निवासी गौरचन्द्र बागती का गला रेत कर किसी ने हत्या कर दिया है. इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दिया गया. साहिबगंज पुलिस अधीक्षक के द्वारा

आवश्यक कार्रवाई एवं अभियुक्त कि गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया. छापामारी दल के द्वारा मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर मृतक के चचेरे भाई बहादुर बागती पिता स्वर्गीय सुफल बागती साकिम मोहनपुर थाना राधानगर जिला साहिबगंज को पकड़ा गया. कड़ाई से पूछताछ करने पर बहादुर बागती ने इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुये बताया कि आपसी रंजीश के कारण इस घटना को अंजाम दिये है. घटना में प्रयुक्त एक चाकु, एवं चप्पल को घटनास्थल से बरामद किया गया है. इस संबंध में राधानगर थाना कांड संख्या 353/26 धारा-103 (1) बीएनएस 2023 दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है. एवं इस कांड में गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है. मौके पर राजमहल पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन, राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, गंगा नदी थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह, पुअनि संग्राम सिंह सोय सहित अन्य पुलिस प्रशासन मौजूद थे.

भाजपा ने किया आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन समारोह का आयोजन

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज - भाझपा का सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम के तहत् सोमवार को साहिबगंज नगर स्थित पुरानी साहिबगंज में दो आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गौतम यादव के नेतृत्व मे किया गया. कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गौतम कुमार यादव ने आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र के छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेंसिल, बिस्कुट ,चॉकलेट देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया. कार्यक्रम मे भाजपा के जिला मंत्री चांदनी देवी, नगर अध्यक्ष बिनोद चौधरी,नगर महामंत्री संतोष चौधरी व विक्रम दास,मुकेश यादव, डब्लू ओझा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.

आरपीएफ ने तीनपहाड़ और बरहरवा स्टेशन 5 नाबालिग को पकड़ा

संताल एक्सप्रेस तीनपहाड़- मालदा रेल मंडल के बरहरवा आरपीएफ पोस्ट की टीम ने रविवार की रात तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन व बरहरवा रेलवे स्टेशन परिसर मे आरपीएफ पोस्ट बरहरवा के इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया. इस दौरान अलग-अलग परिस्थितियों में पांच नाबालिग बच्चों को पकड़ा गया. पांचों बच्चों को आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया. इस दौरान रविवार की रात को तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन परिसर में गश्ती के दौरान आरपीएफ को एक नाबालिग बालिका करीब दो वर्षीय बच्चे को गोद में लेकर अकेले घूमती मिली. जिससे पूछताछ में बालिका ने बताया कि पारिवारिक कारणों से वह अपने छोटे भाई को लेकर घर से निकल गई थी. और भटकते हुए तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पहुंच गई. जिसे आरपीएफ ने बरहरवा पोस्ट लाया. वही बरहरवा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 और वेटिंग रूम में चेकिंग के दौरान अलग-अलग स्थानों से तीन अन्य नाबालिग बच्चे मिले पूछताछ में सभी के बिना माता-पिता को बताएं घर से निकलने की बात सामने आई. जिसमे तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के रहने वाले 17 वर्षीय नाबालिक लड़का और 16 वर्षीय नाबालिक लड़की ने बताया कि दोनों करीब दो वर्षों से एक-दूसरे के संपर्क में थे और परिवार की सहमति नहीं होने के कारण घर से निकलकर बरहरवा स्टेशन पहुंचे थे. दोनों पश्चिम बंगाल की ओर जाने का प्रयास कर रहे थे. वही पकड़ाये एक 16 वर्षीय नाबालिक लड़की ने बताई कि वह बरहेट थाना क्षेत्र की रहने वाली है. उसको एक वर्ष पहले फेसबुक के माध्यम से पटना के एक युवक से बातचीत हुआ था.परिवार के विरोध और डांट-फटकार के बाद वह भी घर से निकलकर बरहरवा स्टेशन पहुंची थी. और पटना जाने का प्रयास कर रही थी.

रिसौड़ के पास तेज रफ्तार भारी वाहन ने ली वृद्ध की जान, चालक ग्रामीणों के हत्थे चढ़ा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा- बरहरवा-फरक्का मुख्य मार्ग पर रिसौड़ के समीप रविवार की शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि सड़क पार करते अथवा मार्ग से गुजर रहे वृद्ध को विपरीत दिशा से आ रहे 16 चक्का भारी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि वृद्ध ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया.मृतक की पहचान बरहरवा नगर क्षेत्र के रतनपुर निवासी वीरेंद्र नाथ पांडेय उम्र 60 वर्ष पिता महावीर पांडेय के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक वीरेंद्र नाथ पांडेय रविवार शाम बेलडांगा से अपने घर रतनपुर लौट रहे थे. इसी दौरान रिसौड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार भारी वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया.दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके पर रुकने के बजाय भारी वाहन लेकर वहां से निकलने लगा. घटना को देख ग्रामीणों ने तत्काल उसका पीछा शुरू कर दिया.

कस्तूरबा विद्यालय पतना में जांच के बाद कार्रवाई वार्डन समेत तीन संविदाकर्मी की सेवा समाप्त

संताल एक्सप्रेस पतना- कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पतना में शिकायतों के बाद की गयी जांच और औचक निरीक्षण में सामने आयी कथित अनियमितताओं को शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लिया है. जांच में कई खामियां सामने आने के बाद साहिबगंज के जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार ने विद्यालय की वार्डन ओर रसोईया एवं सुरक्षा गार्ड की संविदा समाप्त करने का आदेश दिया है. तीनों को तत्काल प्रभाव से सेवा मुक्त कर दिया गया है.बताया जाता है कि विद्यालय को लेकर मिली शिकायतों के बाद विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की जांच की थी.निरीक्षण के दौरान छात्राओं को निर्धारित मीनू के अनुरूप भोजन नहीं मिलने, विद्यालय के नियमों का समुचित पालन नहीं होने तथा बच्चों के साथ कथित दुर्व्यवहार की शिकायतें सामने आयीं थी. भोजन की गुणवत्ता को लेकर भी जांच टीम ने स्थिति का जायजा लिया.जांच के दौरान विद्यालय परिसर के अंदर एक छोटी दुकान संचालित होने की जानकारी भी सामने आयी. आरोप है कि यहां छात्राओं को जरूरत की खाद्य सामग्री निर्धारित खुदरा मूल्य से अधिक कीमत पर उपलब्ध करायी जाती थी. कुछ सामान एमआरपी से लगभग दोगुनी कीमत पर बेचे जाने की बात भी जांच में सामने आने की जानकारी है.विद्यालय में छात्राओं के नामांकन से संबंधित शिकायतें भी जांच का हिस्सा बनीं. एक छात्रा ने वार्डन पर मारपीट करने तथा नामांकन के समय पैसे लिये जाने का आरोप लगाते हुए साहिबगंज के उपायुक्त को लिखित शिकायत दी थी. शिकायत के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय स्तर पर जांच करायी गयी.विद्यालय की व्यवस्थाओं और शिकायतों से जुड़ा मामला पहले भी चर्चा में रहा है.

दो दुकान में आगने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

उधवा - राधानगर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के उत्तर बेगमगंज हाटपाड़ा में बीते 30 सितंबर की देर रात दो दुकानों में आग लगाने मामले में राधानगर थाना पुलिस ने प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. जानकारी के अनुसार उत्तर बेगमगंज हाटपाड़ा में आग लगने से दो दुकानें जलकर राख हो गईं थी. चप्पल सहित बीज और कीटनाशक की दुकान में रखा सामान जल गया था.जिससे दुकानदारों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ था.मामले को लेकर पीड़ित दुकानदार सरजन मंडल ने राधानगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी.मामले में राधानगर पुलिस ने थाना कांड संख्या 350/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया.अनुसंधान के क्रम में सीसीटीवी फुटेज व अन्य के आधार पर आरोपी की पहचान की.

अभियुक्त संजय मंडल बेगमगंज निवासी के रूप में हुई.पुलिस ने आरोपी को छापेमारी कर विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया.गिरफ्तार आरोपी को सोमवार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया.

10 दिन से लापता मेघराय सोरेन का क्षत-विक्षत शव

बरहेट-करीब दस दिनों से लापता जमालपुर गांव निवासी मेघराय सोरेन उम्र 40 वर्ष का शव सोमवार को गोपलाडीह गांव के समीप गुमानी नदी से बरामद किया गया. शव पूरी तरह सड़-गल चुका था. सूचना मिलने पर बरहेट थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया. मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने शव की पहचान मेघराय सोरेन के रूप में की.जानकारी के अनुसार 25 सितंबर की सुबह मेघराय सोरेन जमालपुर गांव के पास सुड़ी नदी में गाय चराने गया था. नदी में डूब रही अपनी गाय को बचाने के लिए वह नदी में कूद गया. नदी के तेज बहाव में वह बह गया और उसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया था.घटना की सूचना के बाद ग्रामीणों तथा एनडीआरएफ की टीम ने नदी में काफी देर तक तलाशी अभियान चलाया.

सर्पदंश से युवक की मौत

बरहेट-बरहेट बाजार के अग्रहरी टोला निवासी पिंटू साह उम्र 35 वर्ष की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई. घटना रात की बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार पिंटू साह को सांप ने हाथ में डंस लिया था. सर्पदंश के बाद परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लेकर पहुंचे.सीएचसी में चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया. स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए साहिबगंज हायर सेंटर रेफर कर दिया. इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए साहिबगंज ले जा रहे थे.लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई.युवक की मौत से परिवार में शोक का माहौल है.

चौकीदार-दफादारों को एसीपी/एमएसीपी का लाभ देने की मांग,सौपा ज्ञापन



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज-झारखंड राज्य चौकीदार/दफादार कर्मचारी संघ साहिबगंज जिला शाखा के जिला अध्यक्ष नित्यानंद रजक,जिला मंत्री परमेश्वर तुरी के नेतृत्व में सोमवार को जिले के पात्र चौकीदार-दफादारों को एसीपी/एमएसीपी का लाभ देने की मांग को लेकर संघ ने डीसी को पत्र सौंपकर आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया.संघ के मुख्य संरक्षक भरत यादव ने कहा कि जिले में कई चौकीदार- दफादार लंबे समय से सेवा दे रहे हैं.लेकिन उन्हें अब तक एसीपी/एमएसीपी का लाभ नहीं मिल पाया है.संघ ने सरकार के पूर्व के आदेशों का हवाला देते हुए पात्र कर्मियों को नियमानुसार वित्तीय उन्नयन का लाभ देने की मांग की है.संघ ने विशेष रूप से सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके कर्मियों के मामले में भी नियमानुसार एसीपी/एमएसीपी का लाभ सुनिश्चित करने का आग्रह किया है.संघ ने डीसी से मामले की जांच कर पात्र कर्मियों को नियमानुसार लाभ दिलाने और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निष्पादन कराने की मांग की है.मौके पर संघ के कई लोग मौजूद थे.

Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
ELECTRIC SUPPLY AREA, DUMKA, MAHUWADANGAL
E-mail ID : gm_esadk@rediffmail.com/gmdmk.jbvnl@gmail.com

Inviting Short e-Tender Notice

Short e-Tenders are invited from reputed, experienced and financially sound firms in the Jharkhand State for the work of repairing of 11 KV/440V distribution transformer of capacity up -to 200 KVA at TRW Workshop, Dumka/Jamtara/Sahibganj /Pakur under Electric Supply Circle, Dumka/Sahibganj confirming to standard specification for the F.Y 2026-27 under O&M (TRW) head.

Group	NIT No.	Sl. No.	Description of Work	Unit	Total Qty.	Cost of Tender (In Rs.) including GST @18%	EMD (In Rs.)
A	272/PR/JBVNL/ 2026-27	1	Labour charge for repairing of defective/burnt distribution transformer 25 KVA at TRW Dumka/Jamtara/Pakur/ Sahibganj	Nos.	1300	10000.00 + 1800.00 = 11800.00	157,200.00
		2	Labour charge for repairing of defective/burnt distribution transformer 63 KVA at TRW Dumka/Jamtara/Pakur/ Sahibganj	Nos.	400		
		3	Labour charge for repairing of defective/burnt distribution transformer 100 KVA at TRW Dumka/Jamtara/Pakur/ Sahibganj	Nos.	650		
		4	Labour charge for repairing of defective/burnt distribution transformer 200 KVA at TRW Dumka/Jamtara/Pakur/ Sahibganj	Nos.	190		

Date of Publication of Tender on website	07.10.2026 upto 05:00 P.M
Start Date/time for upload/submission of bids	From 07.10.2026 at 05:00 PM
End Date/time for upload/submission of bids	22.10.2026 upto 02:00 PM
Date/time of opening of Techinical Part-I	23.10.2026 at 05:00 PM
Date/time of opening of Techinical Price Part-II	Will be communicated
Name & address of office inviting tender	GM cum-CE, ESA, Dumka
Contact No. of procurment officer	7992214814, 06434-358870

NOTE :- Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website : http:www. jharkhandtenders.gov.in or www.jbvnl.co.in

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 391109 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27)D

Sd/-
GM-cum-CE
ESA, Dumka

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।
अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDSD/DMK/UNTIED/34/2026-27
1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित की राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मुल्य (रू० में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	CONSTRUCTION OF PCC ROAD IN VILLAGE BALABAHIYAR FROM H/O JOHAN MURMU TO KALI MANDIR, PANCHAYAT CHIKANIYA BLOCK JAMA, DIST DUMKA.	1606300.00	32500.00	5,000.00	2 माह
2	दुमका जिला अन्तर्गत सरैयाहाट प्रखंड के पंचायत चरकापाथर में ग्राम चरकापाथर पशु चिकित्सालय से विभिषण मंडल के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।	3257700.00	65500.00	5,000.00	3 माह
3	दुमका जिला अन्तर्गत जामा प्रखंड के पंचायत थानपुर ग्राम बोरोटोला में पी०सी०सी० पथ निर्माण।	4518800.00	90500.00	5,000.00	3 माह
4	दुमका जिला अन्तर्गत मसलिया प्रखंड के पंचायत गोलबंधा ग्राम कुंजबोना पंचायत गोलबंधा, प्रखंड मसलिया एवं ग्राम झिलुवा पंचायत नाचनगड़िया, प्रखंड जामा के बीच जोरिया में पुलिया निर्माण।	5938500.00	119000.00	10,000.00	6 माह
5	दुमका जिला अन्तर्गत शिकारीपाड़ा प्रखंड के पंचायत पिनरगड़िया ग्राम पिनरगड़िया में पीडब्लूडी रोड से पिनरगड़िया रेल लाईन तक पीसीसी पथ निर्माण।	4573900.00	91500.00	5,000.00	3 माह
6	दुमका जिला अन्तर्गत रामगढ़ प्रखंड के पंचायत बड़ीरणबहियार ग्राम मोचीखमार एवं बड़ीरणबहियार के बीच पुलिया–सह–गार्डवाल निर्माण।	4290610.00	86000.00	5,000.00	6 माह
7	दुमका जिला अन्तर्गत रामगढ़ प्रखंड के पंचायत लखनपुर ग्राम जाड़ी एवं श्रीरिया के बीच पुलिया–सह–गार्डवाल निर्माण।	4796000.00	96000.00	5,000.00	6 माह
8	दुमका जिला अन्तर्गत रामगढ प्रखंड के पंचायत ठाढ़ीहाट ग्राम गंडक में राजेन्द्र साह के घर से पुलिया तक पीसीसी पथ निर्माण।	2356200.00	47500.00	5,000.00	2 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09.10.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–17.10.2022 (अपराह्न 5:00 बजे तक)।
4. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।
5. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.10.2026 (समय 2:00 बजे अपराह्न)।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।
7. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाश संख्या :– 8292322880
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही आपकी होगी।
10. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
11. क्रमांक 04 पर अंकित योजना दो लिफाफा पद्धति पर आधारित है।

Note :-
1. निविदाकारों को ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा०का०मा०)/पथ निर्माण विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
2. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
3. बिना कोई कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार कार्यपालक अभियंता के पास सुरक्षित होगा।
4. कार्य आवंटन के उपरान्त निदेशित किये जाने के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा कर लेना अनिर्वाय होगा अन्यथा कार्य आवंटन रद्द कर अग्रधन की राशि जब्त करते हुए विभागीय कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दी जाएगी।
5. वैसे संवेदक/एजेन्सी जिनका विभागीय कार्य समानुपाति प्रगति पर नहीं है। एक साथ कार्य लंबित रखे है साथ ही जिन्हे कार्य आवंटित है एंव एकरारनामा नही किये है वैसे संवेदक निविदा पर विचारणीय नही होगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,दुमका।

PR 391135 Rural Work Department(26-27)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका
अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDSD/DMK/UNTIED/35/2026-27
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित की राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मुल्य (रू० में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड काठीकुण्ड के पंचायत बड़ाचापुड़िया में ग्राम भुईभंगा से डुमरिया पथ के बीच जोरिया में बॉक्स पुलिया का निर्माण।	6238119.00	125000.00	10,000.00	6 माह
2	दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड काठीकुण्ड के पंचायत पिपरा ग्राम तिलाईटांड़, पी०डब्लू०डी० पथ से चरकापाथर तक पीसीसी पथ निर्माण।	6811700.00	136500.00	10,000.00	3 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रका न की तिथि :– 09.10.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–17.10.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक)।
4. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।
5. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.10.2026 (समय 2:00 बजे अपराह्न)।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।
7. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाष संख्या :– 8292322880
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही आपकी होगी।
10. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
11. योजना दो लिफाफा पद्धति पर आधारित है।

Note :-
1. निविदाकारों को **ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा०का०मा०)/पथ निर्माण विभाग** में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
2. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
3. बिना कोई कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार कार्यपालक अभियंता के पास सुरक्षित होगा।
4. कार्य आवंटन के उपरान्त निदेशित किये जाने के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा कर लेना अनिर्वाय होगा अन्यथा कार्य आवंटन रद्द कर अग्रधन की राशि जब्त करते हुए विभागीय कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दी जाएगी।
5. वैसे संवेदक/एजेन्सी जिनका विभागीय कार्य समानुपाति प्रगति पर नहीं है। एक साथ कार्य लंबित रखे है साथ ही जिन्हे कार्य आवंटित है एंव एकरारनामा नही किये है वैसे संवेदक निविदा पर विचारणीय नही होगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।

PR.NO.391136 Rural Work Department(26-27):D

कार्यालय–जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, देवघर
संयुक्त जिला कृषि भवन, चाँदपुर, डाबरग्राम, देवघर (झारखण्ड)
Email - daodeoghar@gmail.com, atmadeoghar@rediffmail.com

देवघर जिला के ग्रामीण युवा, किसान, कृषक मित्र के लिए आवश्यक सूचना

देवघर जिला के किसानों, युवाओं एवं कृषक मित्रों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा जिला में संचालित डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन योजनान्तर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे कराया जा रहा है। जिसके लिए सर्वेक्षणकर्ता खेत के प्लॉट पर जाकर ऑनलाईन अक्षांश एवं देशांतर के अनुसार खेत के प्लॉट का सर्वे करेंगे। अनुरोध है कि किसान भाई सर्वेयर के कार्यो में सहयोग कर इस कार्य को सफल बनायेंगे। सभी जनप्रतिनिधियों से निवेदन है कि अपने कार्यकर्त्ताओं के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कराकर किसानों को जागरूक करने एवं इस कार्य को सफल बनाने की कृपा करेंगे।

देवघर जिला के वैसे ग्रामीण युवा, कृषक मित्र एवं अन्य जिनके पास स्मार्टफोन हो एवं जो सर्वेयर बनना चाहते हों, अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक से निम्न दस्तावेजों से साथ संपर्क कर सर्वेयर बन सकते हैं।

1. बैंक खाता विवरणी (खाता सं0, आई.एफ.एस.सी. कोड, बैंक का नाम, बैंक कोड सं0)
2. मोबाईल नम्बर
3. आधार नम्बर
4. ईमेल आईडी
5. पैन कार्ड
6. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र
7. 18 वर्ष से अधिक आयु हो
8. स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी
9. स्मार्टफोन सूचारू ढंग से चलाने आता हो
10. सर्वेयर को सर्वेक्षण हेतु प्रति अनुमोदित प्लॉट 10 रू0 देय है।

अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक से संपर्क करें।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–परियोजना निदेशक
आत्मा, देवघर

PR 391079 (Deoghar)26-27*D

दुकान रेयाक् शटर रा़पुत् कातेको कोमबड़ो केदा लाख-लाख टाका रेयाक् मोबाइल

खोबोरिया

पश्चिम सिंहभूम। चक्रधरपुर शहर रे कोमबड़ो दो़ दोड़हा ते आ़डी माराङ कोमबड़ो काते बेपारीकोवाक् चिन्ता़को ढेरकेत् ताकोआ। शहर रेयाक् आसो़ल डाहार रे मेनाक् रश्मि इलेक्ट्रॉनिक्स रे सिंगेमाहां हिलोक् ञिन्दा़ कोमबड़ोको बो़लो़येना। कोमबड़ो दो़ दुकान रेयाक् शटर रा़पुत् काते भितरी तेको बो़लो़येना आर ओ़न्डे दो़हो़वाकात् ताहेंन महंगा स्मार्टफोन सांवते एमान तेयाक् इलेक्ट्रॉनिक सामानको आ़तरकिर केदा।

ओ़तेमाहां हिलोक् सेताक् दुकान चाक्‌लाविच् आशीष पड़िया तिन दो़ दुकान तेय सेटेरेना खान कोमबड़ोवाकान काथाय बाडाय केदा। दुकान झिज तायो़म आशीष पड़िया दो़य ञेल केदा जे मोबाइल दो़हो़य वाला रैक दो़ खा़ली गेया आर आयमा लेखा रे मोबाइल रेयाक् डिब्बा दो़ ओ़त रे ताहास-नाहासाकान ताहेंकाना। दुकान रे ताहेंकान दामान जिनिस दो़ गायब गे ताहेंकाना। ओना तायो़म उनी दो़ उसा़रा ते घो़टना रेयाक् खो़बो़र पुलिसे एमात्‌कोआ। खो़बो़र ञाम सांवते चक्रधरपुर पुलिस दो़ ओ़न्डेको सेटेरेना आर छानबीनको एहो़प् केदा। कोमबड़ोवाकान जिनिस रेयाक् दामको ओ़नमानेत् काना।

